जबलपुर

शुक्रवार, 6 जून 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष–10
- वर्ष : 20, अंक : 37
- पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 37
न्यून. 23

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

वंदे भारत को भी दिखाएंगे हरी झंडी

## दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का आज पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के इतिहास में छह जून को नया अध्याय जुड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिनाब पर बने एफिल टावर से ऊंचे आर्च ब्रिज यानी मेहराब पुल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। माता वैष्णो देवी मंदिर स्थल कटड़ा में 46,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे।






गंगा दशहरे पर अयोध्या के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया

# अयोध्या में भगवान श्रीराम का 'दरबार' सजा

मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गईं, उन्हें आइना दिखाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में गंगा दशहरे के दिन राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। सीएम योगी ने राम दरबार का पूजन किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे तक चला। रामलला के गर्भगृह के ऊपर यानी फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार बनाया गया है। इसमें श्रीराम, मां सीता, तीनों भाई- लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ हनुमानजी की मूर्तियां हैं। काशी के पुरोहित जय प्रकाश त्रिपाठी ने 101 पंडितों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गईं, उन्हें आइना दिखाया गया।

**सीएम योगी बोले मोदी आधुनिक भारत के भगीरथ**



### दान में मिले हीरे, सोने-चांदी के आभूषण

भगवान राम सहित चारों भाइयों के हाथों में धनुष हैं। जहां गर्भगृह में भगवान राम बालक के रूप में हैं, वहीं राम दरबार में राजा के रूप में विराजमान हैं। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। वहीं, राम दरबार के लिए सूरत के कारोबारी मुकेश पटेल ने हीरे, सोने-चांदी के आभूषण दान दिए। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवादिया ने कहा- दान दिए आभूषणों में एक हजार कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना, 300 कैरेट रुबी से 11 मुकुट बनाए गए हैं। इनके अलावा, गले का हार, कान के कुंडल, माथे का तिलक, चारों भाइयों के लिए धनुष-बाण हैं। इन आभूषणों को चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या लाया गया। बता दें 22 जनवरी, 2024 रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।




## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने लगाया सिंदूर का पौधा



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को अपने दिल्ली आवास पर सिंदूर का एक पौधा लगाया। इस पौधे को लेकर उन्होंने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर मुझे पौधे को नई दिल्ली के प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है। 1971 के युद्ध में साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल पेश करने वाली कच्छ की वीरांगना माताओं-बहनों ने हाल ही में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था।

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने रचाई शादी



**नई दिल्ली।** ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की तेजतर्रार सांसद महुआ मोईत्रा ने 3 मई को गुपचुप तरीके से जर्मनी में शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी बने हैं बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता पिनाकी मिश्रा। फिलहाल, अपनी शादी को लेकर न तो महुआ मोईत्रा और न ही पिनाकी मिश्रा की तरफ से कोई बयान सामने आया है और दोनों ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। दोनों नेताओं की शादी जर्मनी में हुई है। शादी से जुड़ी तस्वीर भी वायरल है।

### शिलांग के होटल में राजा सोनम का आखिरी वीडियो



**इंदौर।** मेघालय में हनीमून मनाने गए इंदौर के एक नवविवाहित जोड़े के मामले में नया मोड़ आया है। शिलांग पुलिस को 21 मई का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसमें राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी एक होटल के अंदर दिख रहे हैं। राजा का शव 2 जून को चेरापूंजी के पास एक खाई में मिला था। उनकी पत्नी सोनम 13 दिनों से लापता हैं। यह फुटेज इस रहस्यमय हत्याकांड की कड़ियों को जोड़ने में मददगार हो सकता है। यह फुटेज तब का है जब वे हनीमून के लिए शिलांग पहुंचे थे।

डॉ. यादव ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का सिंदूर, रक्त चंदन और आंवले का पौधा रोप कर शुभारंभ किया

# हमारी संस्कृति में तो एक वृक्ष को सौ पुत्रों के बराबर मान्यता

सबको स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में योगदान देना होगा

सीएम ने कहा कि परंपरागत रूप से कहा जाता है कि एक बावड़ी 10 कुओं के बराबर, 10 बावड़ी एक तालाब के बराबर, 10 तालाब एक पुत्र के बराबर है और 100 पुत्र एक वृक्ष के समान हैं।



मुख्यमंत्री ने मप्र वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार किए प्रदान



**अभियान से लोगों के पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का मौका**

**डॉ. यादव ने किया पर्यावरण प्रबंधन पोर्टल का लोकार्पण**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा दोनों हैं। दोनों भारतीय संस्कृति के लिए विशेष महत्व रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ जोड़ा है। राज्य सरकार गुरुवार से इस अभियान की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के बराबर माना है। परंपरागत रूप से कहा जाता है कि एक बावड़ी 10 कुओं के बराबर, 10 बाबड़ी एक तालाब के बराबर, 10 तालाब एक पुत्र के बराबर है और 100 पुत्र एक वृक्ष के समान हैं। डॉ. यादव ने कहा कि पुत्रों की तुलना वृक्ष के साथ करना, प्रकृति की महत्ता को दर्शाता है। अगली पीढ़ी को बेहतर धरती और वातावरण सौंपने के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को सचेत होना होगा।

### वैज्ञानिक बसु ने सिद्ध किया था- पौधों में प्राण होते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि 19वीं शताब्दी में महान वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु ने लंदन में रायल सोसाइटी को वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके बताया कि पौधों में प्राण होते हैं, जबकि भारत के लोक मानस में यह ज्ञान सदियों से रचा-बसा है। उन्होंने कहा कि सबको स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में योगदान देना होगा। वायु की गुणवत्ता मे सुधार, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और जल संरक्षण के लिए व्यक्तिगत जवाबदेही और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना जरूरी है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार संस्कृति को संरक्षित करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। पर्यावरण दिवस पर सभी पुरस्कार विजेता बधाई के पात्र हैं।

#### भोपाल का केंद्रीय विद्यालय क्र-2 पुरस्कृत

डॉ. यादव ने कार्यक्रम में एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन पोर्टल का शुभारंभ किया तथा राज्य वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा तैयार वेटलैंड एटलस का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने चार पीएचडी छात्रों को पर्यावरण छात्रवृत्ति प्रदान की। डॉ. यादव ने वर्ष 2023-23 और वर्ष 2023-24 के मप्र वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार भी प्रदान किए। इसके तहत उन्होंने विद्यालय श्रेणी में सेंट्रल एकेडेमी हायर सेकंडरी स्कूल शहडोल तथा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, भोपाल को पुरस्कृत किया। एनजीओ श्रेणी में नर्मदा समग्र न्यास मध्यप्रदेश भोपाल तथा नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट एंड एनवायरनमेंट भोपाल और विद्यालय श्रेणी में शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल झालरिया, इंदौर तथा सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर को पुरस्कार प्रदान किए। इसी प्रकार अन्य श्रेणियों में भी पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किए गए।

छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र का मोस्ट वांटेड था

## एक करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर ढेर

सुधाकर नक्सलियों के शिक्षा विभाग का इंचार्ज था

एजेंसी ▶▶ बीजापुर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों को फिर बड़ी कामयाबी मिली है। नेशनल पार्क इलाके में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली लीडर सेंट्रल कमेटी (सीसी) के मेंबर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधाकर ढेर कर दिया गया। वह छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र का मोस्ट वांटेड था। सुधाकर पर तीनों राज्यों को मिलाकर लगभग एक करोड़ रुपए का इनाम था। इससे पहले नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में नक्सल संगठन के महासचिव बसव राजू की मौत हुई थी।

साकेत कोर्ट के लॉकअप में हत्या से मचा हड़कंप

## पेशी पर आए 2 कैदियों ने एक कैदी को उतारा 'मौत' के घाट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली के साकेत कोर्ट के अंदर बने लॉकअप में हत्या से हड़कंप मच गया है। साकेत कोर्ट के लॉकअप में दो अन्य कैदियों ने अमन नामक कैदी की हत्या कर दी। वे दोनों तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें अदालती कार्यवाही के लिए साकेत कोर्ट लाया गया था।

- दोनों कैदी तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे

मप्र पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाला

## मुरैना में चार और पुलिस कांस्टेबलों पर केस दर्ज



**मुरैना।** प्रदेश में आधार कार्ड अपडेट करवाकर सॉल्वर के जरिए पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने वाले कांस्टेबल रोज सामने आ रहे हैं। गुरुवार को मुरैना में चार और पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जिन्होंने धोखाधड़ी कर परीक्षा पास की। जानकारी के मुताबिक ये चारों आधार कार्ड की जांच में पकड़ में आ गए।

- सॉल्वर बैठाकर पास की थी परीक्षा

बकरीद से पहले पशुबलि पर नई बहस

## नियाज बोले-धरती पर सभी प्राणियों का है हक



**भोपाल।** आईएएस अधिकारी नियाज खान ने बकरीद से कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर पशुबलि के विरोध में दो टिप्पणियां की हैं। खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह पृथ्वी केवल इंसानों के लिए नहीं है।

- पशुबलि के विरोध में पोस्ट साझा की

आईपीएल सट्टेबाजी में रिश्वत मांगी


## टीकमगढ़ कोतवाली टीआई पर लोकायुक्त की कार्रवाई



**टीकमगढ़।** कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज शर्मा पर आईपीएल सट्टा मामले के आरोपी से 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। लोकायुक्त पुलिस सागर ने गुरुवार को भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। मामला पुनीत राज इटोरिया (29) उर्फ गोरु का है।

सिंगाजी समाधि स्थल दर्शन के लिए गए थे

## खंडवाः दो सगे भाइयों के शव कुए में मिले



**खंडवा।** मुंदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीड़ चौकी के ग्राम छाल्पी में उस समय सनसनी फैल गई जब दो सगे भाइयों के शव गांव के पास एक कुए में उतराते हुए मिले। मृतकों की पहचान 10 वर्षीय आनंद और 8 वर्षीय अमन के रूप में हुई है।

- गांव में मचा कोहराम पुलिस जांच में जुटी




मंदसौर में कुत्तों के झुंड ने बोला हमला

## घर के बाहर खेल रहे चार साल के मासूम को कुत्तों ने नोंचा, गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर





जिले में चार साल के आयुष की हंसी-खुशी उस समय चीखों में बदल गई, जब कुत्तों ने उसे अपना शिकार बना लिया। यह दिल दहला देने वाली घटना बुधवार को जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर सुवासरा-रुणिजा रोड इलाके में हुई।

- कलेक्टर अदिति गर्ग ने दिए जांच के आदेश

रीवा में हादसाः प्रयागराज से लौट रहे थे सभी

## ओवरटेक करते समय ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलटा , 7 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



सोहागी घाटी में गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। सीमेंट पिलर से लदा एक ट्रक ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 4 लोगों की तो मौके पर ही जान चली गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

- सोहागी घाटी में घटना, 4 की मौके पर ही मौत

# विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय मंत्रियों ने किया 'प्लास्टिक प्रदूषण' को हराने का आव्हान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों ने प्लास्टिक प्रदूषण रोकने का आह्वान किया है। मंत्रियों ने गुरुवार को नागरिकों से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और स्थिरता को अपनाने का आग्रह किया है। इस दौरान उन्होंने हरित एवं स्वच्छ भविष्य के लिए अधिक पेड़ लगाने की अपील भी की। विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, आइए हम अपने ग्रह की रक्षा करने और सभी जीवित प्राणियों के लिए स्थिरता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करें। हमेशा याद रखें कि प्रकृति तभी सुरक्षित रहती है जब उसे संरक्षित किया जाता है।

प्रकृति तभी सुरक्षित रहती है जब उसे संरक्षित करते हैं: भूपेंद्र यादव



### प्रदूषण को हराने की प्रतिबद्धता दोहराई

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, अधिक पेड़ लगाकर, प्रदूषण को कम करके, संसाधनों का संरक्षण करके और स्थिरता को अपनाकर ग्रह की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें। साथ मिलकर एक हरियाली भरा, स्वस्थ और अधिक उम्मीद भरा भविष्य बना सकते हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत सक्रिय नीतियों और जन जागरूकता से प्रदूषण को हराने के लिए प्रतिबद्धता दोहराता है। साथ मिलकर, आइए हम पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करें, जैव विविधता का संरक्षण करें और एक हरियाली भरा, स्वच्छ भविष्य बनाएं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, आइए हम इस पर्यावरण दिवस पर संकल्प लें- प्लास्टिक प्रदूषण को रोकें, प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाएं।



### कहां जाता है प्लास्टिक कचरा

दुनिया में प्लास्टिक कचरे का सिर्फ नौ प्रतिशत रिसाइकल होता है। 19 प्रतिशत जलाया जाता है और 50 प्रतिशत बड़े बड़े गड्ढों में पहुंचा है। बाकी 22 प्रतिशत अवैध रूप से फेंक दिया जाता है, यानी पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है।

### धरती का घुट रहा है दम

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। जलवायु को नुकसान हो रहा है। इससे नदियों को अवरुद्ध कर समुद्र को प्रदूषित करता है और वन्य जीवन को खतरे में डालता है। अनुमान के मुताबिक विश्व में 11 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा प्रत्येक वर्ष जल से जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र में रिसता है, जबकि कृषि उत्पादों में प्लास्टिक के उपयोग के कारण माइक्रोप्लास्टिक मल-मूत्र और लैंडफिल से मिट्टी में जमा हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### द्वारकाः गोमती नदी में डूबने से 7 की मौत



**अहमदाबाद।** द्वारका में बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा कि द्वारका की गोमती नदी में 7 लोगों की डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में चार युवक और तीन युवितयां हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर डूबते हुए लोगों को बचाने की कोशिश की थी। इस दौरान इस घटना में एक युवती की मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

### शर्मिष्ठा को मिली अंतरिम जमानत



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी वाला वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार की गई इंफ्लोएंसर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने पनोली को 10,000 रुपए का जमानत बांड भरने का निर्देश दिया है। इससे पहले पुणे की लॉ छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को सोशल मीडिया पर अपनी विवादित टिप्पणी से जुड़ा वीडियो अपलोड करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है।

## ढाई लाख लोग मुफ्त की एंट्री सोचकर आए थे, कोर्ट में सरकार ने दिया जवाब

# सिद्धारमैया सरकार ने कहा- इस मामले में 'दोषारोपण' के लिए कोई जगह नहीं

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास हुई भगदड़ से संबंधित मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि हमने महाधिवक्ता के समक्ष अपनी बात रखी है। उन्होंने एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है, जिसे रिकॉर्ड में लिया गया है। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि इस स्वतः संज्ञान को स्वतः संज्ञान रिट याचिका के रूप में पंजीकृत किया जाए।

कोर्ट ने 10 जून, मंगलवार को याचिका को फिर से सूचीबद्ध करने के कहा। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि हम सबसे पहले यह अनुरोध करना चाहेंगे कि कोई दोषारोपण न हो। हम केवल तथ्यों को उसी रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं, जैसा कि वे घटित हुए थे। हम कोई प्रतिकूल दृष्टिकोण नहीं अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 1000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया था। स्टेडियम की क्षमता 35,000 है। आमतौर पर केवल 30,000 टिकट ही बिकते हैं। इस बार लगभग 2.5 लाख लोग यह सोचकर आए कि प्रवेश निःशुल्क है।

अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी

स्टेडियम की क्षमता **35,000**

टिकट बिके **30,000**

भीड़ जुटी **2.5**



### निःशुल्क प्रवेश की घोषणा से भीड़ बढ़ी

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) शशि किरण शेट्टी ने बताया कि समारोह में निःशुल्क प्रवेश की घोषणा के कारण भारी भीड़ उमड़ी, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले को विरोधात्मक तरीके से देखने का इरादा नहीं रखती है, बल्कि यह समझने का प्रयास कर रही है कि चूक कहां हुई ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियां न दोहराई जाएं। महाधिवक्ता ने बताया कि पूरे शहर में सुरक्षा बल तैनात थे, लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर स्थिति अनियंत्रित हो गई। हर व्यक्ति यह सोच रहा था कि बस वह एक और अंदर जा रहा है, जबकि असल में वहां भारी जनसैलाब था।

### याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष रखे 4 प्रश्न

1 इस कार्यक्रम को किसने अधिकृत किया, राज्य सरकार ने या क्रिकेट संघ ने?

2 उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने की जिम्मेदारी सरकार की क्यों बनी, जिन्होंने न राज्य का न देश का प्रतिनिधित्व किया?

3 यह कार्यक्रम विधानसौधा और स्टेडियम के बीच क्यों विभाजित किया गया?

4 भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के क्या इंतजाम थे?

### आरसीबी पर एफआईआर दर्ज

कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

### कोर्ट ने कहा एसओपी होनी थी

कोर्ट ने कहा कि ऐसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) होनी चाहिए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि ऐसी जगहों पर एम्बुलेंस और निकटवर्ती अस्पतालों की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। इस पर महाधिवक्ता ने स्वीकार किया कि एम्बुलेंस मौजूद थीं, लेकिन इतनी बड़ी आपात स्थिति के लिए पर्याप्त नहीं थीं। महाधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है और यह 15 दिनों में पूरी हो जाएगी। सभी मौतें और घायल होने की घटनाएं कुल 21 में से केवल तीन गेटों पर हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया, सरकार ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया है और सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं, जिसमें कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसी भी शामिल है। हम संभावित चूकों की जांच कर रहे हैं, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। जांच अधिकारी ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर लोगों से साक्ष्य और जानकारी साझा करने की अपील की है। सभी गवाहियों की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और अदालत में पेश की जाएगी। पूरी पारदर्शिता है, कुछ भी छिपाया नहीं जा रहा है।



### महिला ने डिप्टी सीएम से बेटे का शव मांगा

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नम आंखों और रुंधे हुए गले के साथ संवाददाताओं से कहा कि एक मां ने मुझसे अनुरोध किया कि मैं अपने बेटे का शव पोस्टमॉर्टम कराए बिना दे दूं, लेकिन यह एक कानूनी प्रक्रिया थी।

### आरसीबी देगी परिजनों को 10-10 लाख, घायलों के लिए बनेगा कोष

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजे के अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए प्रशंसकों की सहायता के लिए 'आरसीबी केयर्स' नामक एक कोष भी बनाया जा रहा है। बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### केएससीए, आरसीबी और पुलिस को जारी किया नोटिस

बंगलूरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। इस जांच नेतृत्व कर रहे बंगलूरु शहरी उपायुक्त (डीसी) जी जगदीश ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पुलिस आयुक्त बी दयानंद को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां बुधवार को भगदड़ मची थी।

## दिल्ली में 5 महीने के बच्चे समेत 2 की कोरोना से मौत

# कोरोना से मरने वालों की संख्या 51 पर पहुंची, 4 राज्यों में 1 दिन में 437 मरीज मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से जुड़ी दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। दिल्ली में केरल के बाद कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव 562 केस हैं। दिल्ली में इस साल 1 जनवरी से अब तक कोरोना से सात मौतें हुई हैं। देश में कोरोना से मौत का आंकड़ा 51 पहुंच गया है। बुधवार को कोरोना से कुल 7 लोगों की जान चली गई। इनमें महाराष्ट्र में तीन, दिल्ली-कर्नाटक में दो-दो मौतें। बुधवार को दिल्ली सहित 15 राज्यों में 564 मरीज मिले, इनमें से 437 मामले सिर्फ 4 राज्यों से हैं।

### केरल में कोविड टेस्ट अनिवार्य

देश में 4866 एक्टिव केस



### मॉकड्रिल की गई

केरल में सबसे ज्यादा 114, कर्नाटक में 112, पश्चिम बंगाल में 106 और दिल्ली में 105 केस सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केस की संख्या 4866 हो गई है। इस बीच, केंद्र सरकार गुरुवार को देश भर के राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान इन अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाओं की स्थिति और वेंटिलेटर की व्यवस्थाओं को परखा गया। इससे बनी रिपोर्ट में कोरोना की चौथी लहर आने की स्थिति में अस्पतालों की तैयारियों पर रेटिंग दी जाएगी। इससे पहले 2 जून को एक शुरुआती मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें हेल्थ सर्विस, के अलावा इन्फ्रास्ट्रक्चर को परखा गया था।

## गंगा दशहरा पर्व पर आस्था की डुबकी



**हरिद्वार।** गंगा दशहरा पर्व पर गुरुवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी पतित पावनी मां गंगा के आंचल में क्षेत्र व दूरदराज से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजन-अर्चन कर दान कर पुण्य के भागी बने।

## जीएनडीयू ने परीक्षाएं की रद्द

# बरसीः रोष मार्च निकाला आज बंद रहेगा अमृतसर

एजेंसी ▶▶ अमृतसर



ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के मद्देनजर दल खालसा की तरफ से आज शुक्रवार को अमृतसर बंद का आहवान किया गया है। इससे पहले गुरुवार शाम दल खालसा की तरफ से अमृतसर के आसपास के एरिया में रोष मार्च निकाला गया। ब्लू स्टार ऑपरेशन की बरसी को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई और शिक्षण संस्थानों ने भी इसे लेकर सावधानी के तौर पर कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने अपने सभी कॉलेजों में 6 जून को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी आदेशों के अनुसार 6 जून को होने वाली सभी वार्षिक और समेस्टर परीक्षाओं को प्रबंधकीय कारणों के चलते स्थगित किया गया है।

## पाकिस्तान के नागरिक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का रुख

कोर्ट ने पूछा यहां क्यों आए, हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

# गोवा में रह रहे शख्स को लगाई फटकार कहा भलाई इसी में है...चुपचाप वापस चले जाइए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2016 से गोवा में लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे एक पाकिस्तानी नागरिक ने केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में पाकिस्तानी नागरिक ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना के खिलाफ अपील की है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच के सामने रखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक, सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार की अधिसूचना का हवाला दिया। इसके बाद जस्टिस करोल ने कहा, 'तो वापस चले जाइए।' वकील ने पाकिस्तान नागरिक का पक्ष रखते हुए कहा कि याचिकाकर्ता वापस जाने का विरोध नहीं कर रहा है, बल्कि वह केवल लॉन्ग टर्म वीजा में एक खास शर्त होती है। इसलिए वह सुनवाई चाहता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सवाल करते हुए कहा, याचिकाकर्ता ने सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की बजाय गोवा हाई कोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। इस पर वकील ने कहा कि पुलिस याचिकाकर्ता से मिलने जाती रही है। इससे इस तरफ इशारा जाता है कि डिपोर्टेशन का प्रोसेस शुरू हो चुका है।

याचिकाकर्ता ने कहा- पुलिस के संपर्क में था



### याचिका पर कड़ी फटकार लगाई

वह कथित तौर पर अपने वीजा की अवधि से ज्यादा समय तक रह रहे थे, जब तक कि सरकार उनके नागरिकता दावों का वैरिफिकेशन नहीं कर लेती। इससे पता चलता है कि कोर्ट डिपोर्टेशन के मामलों पर फैसला लेने से पहले व्यक्तिगत परिस्थितियों पर विचार करने के लिए तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया है, लेकिन मामले पर सुनवाई करने पर इच्छा जाहिर की है।

### वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैलिड थे

सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि मेडिकल वीजा, लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा को छोड़कर भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैलिड वीजा 27 अप्रैल से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए थे और पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक ही वैलिड थे।

## 3 जुलाई से शुरू होगी 38 दिन की अमरनाथ यात्रा

# 58 हजार जवान होंगे तैनात, पहलगाम बालटाल रूट पर लगेंगे जैमर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के काफिले की सुरक्षा के लिए पहली बार जैमर लगाए जाएंगे, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा प्रदान करेगी। काफिले के गुजरने के दौरान सुरक्षा के लिए यात्रा के दोनों रूट और नेशनल हाईवे की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया जाएगा। यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। इसके अलावा यात्रा के लिए अलग-अलग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

यात्रा के दोनों रूट वाली सभी सड़कें बंद रहेंगी




**ड्रोन और डॉग भी करेंगे निगरानी :** अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित करने के लिए रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी), खतरों पर तुरंत एक्शन के लिए क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी), विस्फोटकों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिए करने के लिए बॉम्ब डिफ्यूजल स्क्वॉड (बीडीएस), के9 यूनिट्स (विशेष रूप से प्रशिक्षित खोजी कुत्ते) और हवाई निगरानी के लिए ड्रोन शामिल होंगे। ये व्यवस्थाएं जम्मू और कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाने वाले पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर लागू होंगी।





## खबर संक्षेप

### हज के लिए सऊदी पहुंचे 15 लाख से ज्यादा विदेशी



**अराफात।** सऊदी अरब में इस साल हज के लिए 15 लाख से ज्यादा विदेशी पहुंचे हैं। हज मंत्रालय के प्रवक्ता गस्सान अल-नुवैमी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 1,611,310 विदेशी हज यात्रा के लिए सऊदी पहुंचे थे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सऊदी अरब से कितने जायरीन हज में भाग ले रहे हैं। हज मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को अराफात में हाजियों का तांता लगा रहा। कुछ लोग 40 डिग्री तापमान में अपना सामान लेकर पैदल यात्रा करते दिखाई दिए।

### कार्गो शिप में लगी भीषण आग, कूदकर बचाई जान



**एंकोरेज।** अलास्का में अलेउशियन द्वीपों के पास समुद्र में 3,000 गाड़ियों (जिसमें 800 इलेक्ट्रिक वाहन भी थे) को मैक्सिको ले जा रहा एक कार्गो जहाज मॉर्निंग मिडास अचानक आग की चपेट में आ गया। आग लगने पर 22 क्रू मेंबर्स को जहाज छोड़कर अपनी जान बचानी पड़ी। सभी को पास ही मौजूद कोस्को हेलास नामक व्यापारिक जहाज ने सुरक्षित बचा लिया। बता दें कि ये घटना जब हुई उस वक्त जहाज अडाक द्वीप से 490 किमी दूर था। आग सबसे पहले जहाज के

## सैन्य उपकरणों के निर्माण में वैश्विक बाजार में भारत को मिली एक और उपलब्धि

# भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी, टाटा ग्रुप और डसॉल्ट एविएशन के बीच हुई बड़ी डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) अब राफेल लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होने वाले एक अहम उपकरण का निर्माण करेगी। कंपनी ने गुरुवार को भारत और अन्य वैश्विक बाजार के लिए राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) का निर्माण करने के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ अपनी डील का ऐलान किया है।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने के लिए भारत और अन्य वैश्विक बाजारों के लिए राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह देश की एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने और ग्लोबल सप्लाई चेन को सपोर्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस पार्टनरशिप में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख स्ट्रक्चर सेक्शन के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक प्रोडक्शन फैसिलिटी स्थापित करेगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने डसॉल्ट एविएशन के साथ अपनी डील की जानकारी एक्स अकाउंट की जरिए दी है।




साझेदारी के तहत, टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। इसमें विमान की बॉडी, पूरा पिछला भाग और अगले हिस्से का निर्माण होगा



**चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

**हैदराबाद में होगा निर्माण हर माह तैयार होंगी दो बॉडी**

### ग्लोबल प्लेटफार्मों का सपोर्ट करेगा भारत

इस पार्टनरशिप को भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए, टीएएसएल के सीईओ और एमडी सुकरन सिंह ने कहा कि यह भारत द्वारा एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस मैनुफेक्चरिंग इकोसिस्टम स्थापित करने में की गई प्रोग्रेस को दर्शाता है जो ग्लोबल प्लेटफार्मों का सपोर्ट कर सकता है।

**पहली बार फ्रांस के बाहर उत्पादन**

*डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि हमारे लोकल पार्टनर के विस्तार के लिए धन्यवाद, जिसमें भारतीय एयरोस्पेस इंडस्ट्री में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड भी शामिल है।*

### पहला फ्यूजलॉज 2028 में आएगा

साझेदारी के तहत, टीएएसएल लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। पहले फ्यूजलॉज वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है।

### फ्यूजलेज के काम

फ्यूजलेज पंखों, पूंछ, इंजन और लैंडिंग गियर को एक साथ जोड़ता है, जिससे विमान एक इकाई के रूप में काम करता है. यह विमान को मजबूती देता है ताकि वह हवा में तेज गति और युद्ध की स्थितियों में टिक सके। फ्यूजलेज में मिसाइल्स (जैसे मिका, स्कैल्प), बम और लेजर-गाइडेड हथियार रखने की जगह होती है. इसमें रडार, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम भी लगे होते हैं, जो युद्ध में महत्वपूर्ण हैं।






## एनआईए का आतंक के खिलाफ एक्शन

# जम्मू-कश्मीर में दर्जनों ठिकानों पर की छापेमारी, कई उपकरण और दस्तावेज जब्त

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी के आगमन से एक दिन पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने श्रीनगर के कई इलाकों में छापेमारी की है। एनआईए ने गुरुवार को एक आतंकी साजिश मामले की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 2022 में दर्ज मामले के संबंध में प्राप्त विशेष इनपुट के आधार पर गुरुवार तड़के से केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी चल रही है। पुलवामा, कुलगाम, शोपियां, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में छापे मारे गए।

**पाक में बैठे आतंकी हैंडलरों के साथ था संपर्क**

*जांच एजेंसी ने इस दौरान किसी को गिरफ्तार या पूछताछ के लिए औपचारिक तौर पर हिरासत में तो नहीं लिया था। लेकिन पांच लैपटाप, लगभग डेढ़ दर्जन मोबाइल फोन और कुछ अन्य डिजिटल उपकरण व वित्तीय लेन-देन से संबंधित कुछ दस्तावेज जब्त किए थे।*

### आतंकी नेटवर्क को खत्म करना उद्देश्य

एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में दर्जनों ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें उत्तरी कश्मीर के सोपोर बारामुल्ला भी शामिल है। सोपोर के बादामीबाग इलाके में छापेमारी की गई। ये छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के सिलसिले में की गई। इन तलाशियों का उद्देश्य जम्मू प्रांत में आतंकी नेटवर्क को खत्म करना और स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर और ओवरग्राउंड वर्कर्स को लामबंद करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की योजनाओं को विफल करना है।


## पुतिन और ट्रंप ने फोन पर की चर्चा

# यूक्रेन के साथ भारत-पाक संघर्ष पर की चर्चा, पाकिस्तान ने रूस से मदद मांगी

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हाल में हुई बातचीत के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष पर भी चर्चा की गई थी। क्रेमलिन के अधिकारी यूरी उषाकोव ने यह जानकारी दी है।

उषाकोव ने दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुए संवाद की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन पर चर्चा की तथा



कुछ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने पश्चिम एशिया और भारत तथा पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष पर भी चर्चा की, जिसे राष्ट्रपति ट्रंप की निजी हस्तक्षेप से रोका गया। ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रोका है।

### पीएम शहबाज ने पुतिन को लिखा पत्र

इस बीच, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के विशेष सहयोगी सैयद तारिक फातमी ने कहा कि पीएम ने राष्ट्रपति पुतिन से भारत के साथ संघर्ष को सुलझाने में सहायता करने का आग्रह किया है। फातमी ने मंगलवार को मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और पुतिन के लिए शरीफ का एक पत्र सौंपा। फातमी ने बुधवार को कहा कि मैंने रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात की।

## बीएसएफ जवान का किया अपहरण

# सीमा में घुसकर बांग्लादेश ले गए बाद में किया रिहा, स्थिति कंट्रोल में

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पश्चिम बंगाल में बीएसएफ जवान का अपहरण कर लिया। अपराधी जवान को अपराधी बांग्लादेश की सीमा के अंदर ले गए। फिलहाल जवान को छोड़ दिया गया है। अपहत जवान की पहचान श्रीगणेश के तौर पर हुई है। बताया जाता है कि कथलिया गांव के पास से बांग्लादेश के चंपई नवाबगंज जिले से होकर कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत की सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे,



उसी दौरान जवान ने उन्हें रोका। बाद में मानवीयता दिखाते हुए जवान ने बांग्लादेशी अपराधियों को पास आने दिया, जिसके बाद अचानक वे उग्र हो गए और वे जवान को बांग्लादेश की सीमा में घसीकर ले गए। एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि जवान को बांग्लादेशी नागरिकों ने अगवा कर लिया था और बंदी बनाकर रखा था, लेकिन जब हमने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तो कुछ घंटों के भीतर ही उसे रिहा कर दिया गया।

### तुर्की एयरलाइंस में विस्फोटक सामग्री मिली

**नई दिल्ली।** भारत ने तुर्की की सरकारी एयरलाइन टर्किश एयरलाइन को सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी चेतावनी दी है। नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 29 मई से 2 जून के बीच की गई औचक निरीक्षण में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं। जिनमें एक उड़ान में




## अमेरिकी राष्ट्रपति का नया तुगलकी आदेश

# हार्वर्ड समेत 8 प्रतिष्ठित निजी विवि में विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक लगभग सभी विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।



यह 'आइवी लीग स्कूल' से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। 'आइवी लीग' हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है। ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने एक अन्य आदेश में 12 देशों के लोगों को अमेरिका में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। ये प्रतिबंध अगले हफ्ते से प्रभावी होगा। ट्रंप ने अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन से आने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध लगाया है। इसके अलावा, सात राष्ट्र के लोगों की एंट्री भी बैन की गई है। इन देशों में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला शामिल हैं।

## अमेरिकी सांसदों ने भारत का किया समर्थन, कहा, आतंकी हमलों के लिए कोई जगह नहीं

# जब हमला होता है तो उसका जवाब देने के अलावा कोई चारा नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत लौटने से पहले अपनी अंतिम यात्रा के दौरान शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति से वॉशिंगटन में मुलाकात की। बैठक में अमेरिकी सांसदों ने भारत का पुरजोर समर्थन किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी भारत के रुख की तारीफ की।

प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष ब्रायन मास्ट, समिति के सदस्यों ग्रेगरी मीक्स, सांसद कमलागर डोव और सांसद बिल हुजएंगा से मुलाकात की।

### आतंकी ढांचे खत्म करने के बाद पाक से होगी बातचीत

*सांसद शशि थरूर ने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकी ढांचे को खत्म करता है तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। अगर वे गंभीर कार्रवाई करते हैं और ये दिखाते हैं कि वे भारत के साथ सामान्य रिश्ते चाहते हैं तो हम भी उनके साथ बातचीत कर सकते हैं और वो भी बिना किसी मध्यस्थता के। उन्होंने कहा भारत को पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने में कोई परेशानी नहीं हैं। जब तक वे (पाकिस्तान) आतंकवाद की भाषा का*

### आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की जरूरत



ब्रायन मास्ट ने कहा अपने सहयोगियों और दोस्तों से मिलने का हमें गर्व है। हम सभी ने आतंकी हमले की निंदा की। दुनिया में इस तरह के हमलों के लिए कोई जगह नहीं है। भारत से इस तरह के जवाब की उम्मीद थी। जब आप पर हमला होता है तो आपके पास उस हमले का जवाब देने के अलावा और कोई चारा नहीं होता। भारत और अमेरिका को आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करना होगा ताकि आतंकी फिर किसी देश पर इस तरह का हमला न कर सकें।

### पीएम मोदी 9-10 जून को करेंगे मुलाकात

*पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर विदेशों का दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से 9-10 जून को मिले सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पीएम मोदी को दुनियाभर में हुई बातचीत की जानकारी देंगे। भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर वापस लौट चुके हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाक दुष्प्रचार को धराशायी किया।*

***आतंकी हमले के खिलाफ भारत के जवाब का समर्थन:*** *अमेरिकी सांसद कमलागेर डोव ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम आगे भी जारी रहेगा। अन्य सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध बेहद अच्छे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले हैं और हमारे मूल्य भी समान हैं।*



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पाली में विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के जन्म शताब्दी समारोह में प्रदेश भर में लगेंगे किसान मेले

### भोपाल में 12 से 14 अक्टूबर तक अटलजी को समर्पित किया जाएगा वृहद आयोजन

**वर्ष 2028 तक सभी गरीब परिवारों को मिलेंगे पक्के आवास**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में किसान मेलों का आयोजन किया जाएगा।

भोपाल में 12 से 14 अक्टूबर को अटल जी को समर्पित बड़ा आयोजन किया जाएगा और इससे पहले प्रदेश भर में गरीब, किसान और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ. यादव उमरिया जिले के पाली में आयोजित 'पेसा महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 14.71 करोड़ रुपए की लागत वाले चार कार्यों का भूमिपूजन और 39.14 करोड़ की लागत वाले 22 कार्यों का लोकार्पण किया। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2028 तक प्रदेश के सभी गरीबों को पक्के आवास बना कर दे दिए जाएंगे।



### बढ़ाई जाएगी लाड़ली बहना योजना में राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में हर महीने राशि भेजकर रक्षाबंधन मना रही है। लाड़ली बहना योजना की राशि पहले 1000 से बढ़ाकर 1250 रुपए की गई। इसे धीरे-धीरे 3000 रुपए प्रति माह तक बढ़ाया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश भर के पात्र किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। अन्नदाताओं को 5 रुपए में बिजली का कनेक्शन मिल रहा है। प्रदेश में 32 लाख किसानों के लिए सोलर पंप मात्र 10 प्रतिशत राशि पर मिलेगा। किसान अपने उपयोग के बाद सरकार को भी बिजली बेच सकेंगे।

### भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारता है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाईं। बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया। हमारी सेनाओं ने पलक झपकते ही आतंकियों को ठिकाने लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगर पाकिस्तान ने दोबारा गोली चलाई तो उसे गोले से जवाब दिया जाएगा। अमेरिका और इजरायल के बाद भारत दुनिया में तीसरा देश है, जो अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारता है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए देने का फैसला लिया है।

### पेसा एक्ट के तहत कई तरह के विकास कार्य

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजाति समुदाय को 2022 में पेसा एक्ट की सौगात मिली। इसके अंतर्गत कई प्रकार के विकास कार्य हुए हैं। प्रदेश में 5300 से अधिक पंचायतों ने पेसा एक्ट के माध्यम से सहभागिता बढ़ाई है। प्रदेश के जनजाति बहुल 88 विकासखंडों के गरीब से गरीब व्यक्ति के परिवार में सवेरा आए, इसके लिए सरकार हर स्तर पर कार्य कर रही है। युवाओं के लिए एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनजातीय योध्दाओं के बलिदान को स्कूल एवं कॉलेज के पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है।*

### जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश का प्रदर्शन श्रेष्ठ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में खंडवा जिला देश भर में प्रथम आया है और प्रदेश को भी चौथा स्थान मिला है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय पेसा महासम्मेलन में विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ हितग्राहियों को वितरित किया। इस अवसर पर शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, बांधवगढ विधायक शिव नारायण सिंह, पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के नागरिक उपस्थित थे।

### सरकारी वाहन में तोड़फोड़, बुलडोजर एक्शन पर हंगामा



**अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम पर हमला**

# महिला पुलिस को पीटा लाठी-डंडे लेकर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में बुधवार को उस समय हंगामा मच गया जब अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। मामला रायपुर के जोन-3 ऑफिस का है, जहां महिलाओं और बच्चों ने मिलकर हंगामा किया।

इस दौरान न सिर्फ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, बल्कि महिला पुलिसकर्मी से भी मारपीट की गई। बुधवार को नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए रायपुर के बंजारी नगर इलाके में पहुंची थी। प्रशासनिक निर्देशों के तहत इस क्षेत्र में लंबे समय से अवैध निर्माण को हटाने की योजना थी, लेकिन जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, वहां मौजूद महिलाओं और बच्चों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

### निगम जोन-3 ऑफिस में जबरन घुसी भीड़, की जमकर तोड़फोड़

*कार्रवाई से गुस्साई भीड़ बाद में रायपुर नगर निगम के जोन-3 ऑफिस में घुस गई। यहां महिलाओं और बच्चों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ की। कुर्सियां, फाइलें, शीशे और कई सरकारी सामान तोड़ डाले गए। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे लोग पूरी तैयारी से आए थे। हंगामे के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी को भी पीटा गया। वीडियो में देखा गया कि भीड़ ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और फिर मारपीट की। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों में गुस्सा भी बढ़ रहा है कि कानून की रक्षक महिलाओं को ही निशाना बनाया गया। भीड़ ने निगम की दो सरकारी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। वाहनों के शीशे तोड़े गए और लाठियों से हमला किया गया। इस हिंसा से आक्रोशित होकर निगम कर्मचारी लामबंद हो गए हैं और उन्होंने विरोध दर्ज कराने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि ऐसे हमलों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे काम बंद आंदोलन पर जा सकते हैं।*

**पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण**

रायपुर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन को नियुक्ति-पत्र, स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिलें वितरित कीं**

# दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में बनाते हैं स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों को मप्र सरकार हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग शब्द प्रदान करने से समाज का दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर ने पृथ्वी पर हमारे जन्म की रचना की है। परमात्मा ने जरूरतमंदों के लिए कुछ बेहतर पुण्य कर्म करने का अवसर भी दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजन को नियुक्ति-पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

यह कार्यक्रम पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण, पुरात्व और जल संसाधन विभागों के दिव्यांगजन को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने हितग्राहियों को स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिल का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की ब्रेल लिपि में विकसित पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तथा सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भोपाल महापौर मालती राय तथा विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से मौजूद थे। दिव्यांग विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने किया आयोजन**



### सभी को सम्मान से जीने का अधिकार देना मुख्यमंत्री का संकल्प

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्र दिव्यांगजनों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। वे सदैव दिव्यांगजन से संवाद के लिए तत्पर रहते हैं। उनका संकल्प है कि सबको सम्मान से जीने का अधिकार मिले और समाज के किसी भी व्यक्ति को किसी की दया पर जीवन न जीना पड़े। जब सरकार संवेदनशील होती है तो वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझती है। आज दिव्यांगजन को नियुक्ति मिलना उनके और पूरे परिवार के लिए बड़ी खुशी का अवसर है। मुख्यमंत्री भारत की प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही विरासत के साथ विकास और जनहित के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण हो रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### प्रदेश में 2600 पदों पर की गई दिव्यांगजन की भर्ती

*सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की संस्कृति को संजोए रखने के लिए संकल्पित हैं। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दिव्यांगजन के लिए भी अनेक कल्याणाकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन, छात्रवृत्ति आदि का लाभ भी दिया जा रहा है। देश भर में दिव्यांगजन के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन मुख्यमंत्री ने उन्हें नौकरियों में 6 प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रदेश में 2600 पदों पर दिव्यांगजनों की भर्ती की गई है। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंगों के लिए भटकना न पड़े, इस उद्देश्य से उनकी सुविधा और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए के लिए कृत्रिम अंग वितरण के लिए जिला स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके लिए राजस्थान की महावीर संस्था को दायित्व सौंपा गया है।*

**घटना के समय आवास के बाहर सो रहे थे वृद्ध**

# जायदाद के लिए पोते ने दादा को जिंदा जलाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस ने बामी गांव में हुए हत्याकांड का खुलासा कर दिया है, आरोपी कोई और नहीं बल्कि मृतक का पोता निकला, जिसने जायदाद के लिए अपने दादा के उपर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल कबीरधाम जिले के जंगल सिंघनपुरी थाना अंतर्गत ग्राम बामी में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात घर के बाहर सो रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग झंडी साहू को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी।

घटना के बाद सुबह पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की बारीकी से पड़ताल की और हर पहलु में आगे बढ़ी।

पुलिस को घटना के पीछे संपत्ति को लेकर हत्या की आशंका हुई तो पुलिस ने गांव वाले और रिश्तेदारों से पूछताछ की तो पता चला कि बुजुर्ग और उसके तीन बेटों में जमीन बंटवारे को लेकर मनमुटाव चल रहा है। आरोपी के पिता इतवारी साहू और आरोपी दीपक साहू इस बात से बुजुर्ग से नाराज थे।

### पकड़ा गया आरोपी

*पुलिस ने मृतक के बेटे इतवारी साहू और पोता दीपक साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी दीपक ने दादा की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि दादा अपने दो बेटों को जायदाद में ज्यादा हिस्सा दे रहा था और उसके पिता को कम, इस बात से वह नाराज था। कुछ दिनों बाद लिखा-पढ़ी करने की तैयारी चल रही थी, इसलिए उसने दादा की पेट्रोल डालकर हत्या कर दी। एसडीओपी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात झंडी गांव में हुए हृदय विदारक हत्याकांड के आरोपी दीपक साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने जायदाद के लालच में अपने दादा झंडी साहू की पेट्रोल डालकर हत्या की थी। आरोपी को धारा 1030(1) 111 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय में पेश किया जा रहा है।*

## रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना के संभावित खतरे को लेकर मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना के संभावित खतरे से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान डमी मरीज को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाकर चिकित्सक ने कोरोना का उपचार किया गया। देश के अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी कोरोना कुछ केस पाए गए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में कोरोना के संभावित खतरे और आपात स्थिति से निपटने को लेकर गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान कोरोना से संक्रमित डमी मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया।

मरीज को एम्बुलेंस से उतार कर पीपीई किट पहने स्वास्थ्यकर्मी ऑक्सीजन सिलेंडर युक्त स्ट्रेचर में लेटाकर वर्तमान में चिन्हांकित 24 बेड आइसोलेशन वार्ड लेकर गए, जहां पूर्व से मौजूद पीपीई किट लेस चिकित्सक, स्टाफ द्वारा सबसे पहले ऑक्सीमीटर से उक्त मरीज के ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। फिर उसे ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड पर लिटाया गया। इसके बाद उसका इलाज किया गया।

### ऑक्सीमीटर लगाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू

*ऑक्सीमीटर लगाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू की गई। वहीं वेंटिलेटर व मल्टी पैरामीटर, वाइटल साइन मशीन के माध्यम से जांच व मॉनिटरिंग चिकित्सकों ने की। मॉक ड्रिल का मंजर देख कोरोना की याद ताजा हो गई। मालूम हो कि देश में बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपात स्थिति से निपटने को लेकर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके मिंज ने पूर्वाभ्यास के दौरान अस्पताल आने वाले मरीजों की समुचित देखभाल की व्यवस्था, कोविड जांच सुनिश्चित करने, हर परिस्थिति से निपटने, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील रखने को लेकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए। वहीं चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर भी बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। अस्पताल में सेनिटाइजर की व्यवस्था, ऑक्सीजन की उपलब्धता व दवाइयों की भी जांच की गई। इस मौके पर डॉक्टरों का अमला मौजूद रहा।*

## फेस आईडी बना कर ग्राहक के नाम पर लिया लाखों का लोन, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बजाज फाइनेंस कंपनी के एजेंट ने धोखाधड़ी कर ग्राहक को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। एजेंट ने ग्राहक का मोबाइल फोन मांगकर उसकी फेस आईडी से अलग-अलग लोन एप के माध्यम से करीब 1 लाख 78 हजार रुपए लोन निकाल लिया। उसने इस राशि को मोबाइल से अपने खाते में ट्रांसफार्मर करवा लिया। खुर्सीपार के एकता नगर निवासी राजा बाबू शर्मा ने घनश्याम साहू से संपर्क किया था। इसके बाद घनश्याम ने धोखाधड़ी।

### बस्तर से प्लास्टिक कचरा हटाने का संकल्प

**जगदलपुर।** बस्तर से प्लास्टिक कचरे के सफाए का संकल्प लिया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यहां बस्तर का प्लास्टिक मटेरियल रिकवरी फेसलिटी (एमआरएफ) सह मटेरियल रीसाइक्लिंग सेंटर (एमआरसी) एक शानदार उदाहरण पेश कर रहा है कि कैसे कचरे को भी सोना बनाया जा सकता है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत तीन साल पहले जगदलपुर शहर से 6 किलोमीटर दूर बुरुंदवाड़ा सेमरा में जिला प्रशासन, एचडीएफसी बैंक और सेंटर फार इन्वायरमेंट एजुकेशन (सीइसी) द्वारा स्थापित यह संयंत्र देश का दूसरा और छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा उद्यम है। पहले चरण में यहां केवल प्लास्टिक कचरा संग्रहण की सुविधा थी, तीन माह पूर्व रीसाइक्लिंग का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। बस्तर संभाग में स्थापित प्लास्टिक मटेरियल रिकवरी फेसलिटी सह मटेरियल रीसाइक्लिंग सेंटर पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरा निष्पादन का एक बेहतरीन उदाहरण बन रहा है। यहां प्लास्टिक कचरे को रीसाइकिल कर उससे लंप्स और ग्रैन्यूल्स बनाए जा रहे हैं। यह पर्यावरण संरक्षण के दिशा में एक बेहतर कदम है।

# युवक से परेशान होकर छठी मंजिल से कूदी युवती, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के अमलीडीह इलाके की साईं ड्रीम्स सोसाइटी में देर रात करीब 12 बजे एक युवती ने छठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। युवती कभी नजदीक रहे युवक से परेशान थी।

राजेंद्र नगर पुलिस इसी एंगल पर आगे की जांच करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार देर रात की है। मृतका की पहचान जसविंदर कौर उर्फ जस्सी (27) निवासी खुर्सीपार, भिलाई के रूप में हुई है। वह साईं ड्रीम्स सोसाइटी में दो अन्य युवतियों के साथ किराए पर रहती थी। घटना के समय उसकी एक दोस्त काम पर गई थी, जबकि दूसरी सो रही थी। बताया जा रहा है कि जस्सी पिछले कुछ समय से आरोपी द्वारा परेशान किए जाने से तनाव में थी। घटना से ठीक पहले बीती रात उसका अपने पूर्व प्रेमी से विवाद भी होने की खबर सामने आ रही है। जस्सी की दोस्त ने भी पुलिस को बताया कि रायपुर का एक युवक जस्सी को लगातार परेशान कर रहा था। युवती पहले रायपुर में काम करती थी, लेकिन अभी खाली बैठी थी, जिससे वह और तनाव में थी। जस्सी की मां विशाखापत्तनम में रहती हैं, जिन्हें सूचना दे दी गई है। पुलिस ने युवती के पूर्व बायफ्रेंड सहित अन्य संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जस्सी ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

## महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पितः सीएम डॉ. यादव

# रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनों को लाडंली बहना योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मनगंवा में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किए। उन्होंने मनगवां में स्टेडियम निर्माण तथा देवास हाईस्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल का उन्नयन करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां तिवनी मोड़ से प्रयागराज रोड तक टू लेन सीसी रोड निर्माण की घोषणा की, इस 5.5 किलोमीटर सड़क निर्माण पर 16.5 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि रीवा की धरती में बहनों का अभिनंदन करते हुए गर्व हो रहा है। बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 49.97 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

### मनगवां के सम्मेलन में 49.97 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

### प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। 2003 में प्रदेश में पांच मेडिकल कॉलेज थे। आज 27 मेडिकल कॉलेज हैं और तीन शीघ्र बनने वाले हैं। 2003 में प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 11000 रुपए थी जो अब बढ़कर एक लाख 52 हजार रुपए हो गई है। प्रदेश भर में सांदीपनि विद्यालय आधुनिक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इस साल कक्षा दसवीं और बारहवीं में परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे रहे।



### 50 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मनगवां विधानसभा क्षेत्र को लगभग 50 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में रिमोट का बटन दबाकर 49 करोड़ 97 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को हितलाभ वितरित किए।

### किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। रीवा जिले के हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा मिलेगी। हम किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे। अगले 3 सालों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएंगे। किसान सोलर से प्राप्त बिजली का उपयोग करेंगे और अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीद कर किसानों को पैसा देगी। मुख्यमंत्री ने जनपद पंचायत गंगेव के भवन निर्माण तथा हिनौती गौधाम में बांध निर्माण की घोषणा की।

### रीवा के सफेद बाघ और सुंदरजा आम विश्व प्रसिद्ध

*मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा से मेरा दोहरा और मीठा नाता है। रीवा के सफेद बाघ और सुंदरजा आम विश्व प्रसिद्ध हैं। रीवा में महानगरों की तरह आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस साल यूपीएससी की परीक्षा में प्रदेश के 60 उम्मीदवारों को सफलता मिली है जो देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के साथ-साथ दूध उत्पादन के लिए भी विशेष प्रयास करेंगे। वर्तमान में देश के 9 प्रतिशत दूध का उत्पादन मप्र में होता है, इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाएंगे। इसके लिए गौपालन करने वालों को अनुदान देंगे तथा सरकार दूध खरीद कर पशुपालकों को लाभान्वित करेगी। मप्र को दूध की राजधानी बनाएंगे।*




## खबर संक्षेप

### 12 परसेंट जीएसटी स्लैब हटाने की चल रही तैयारी

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में सरकार जनता को जीएसटी पर राहत दे सकती है। काउंसिल 12 परसेंट टैक्स स्लैब को खत्म करने पर बड़ा फैसला ले सकती है. बताया जा रहा है कि GST काउंसिल की मीटिंग पर इस पर चर्चा हो सकती है। यह कदम जीएसटी रेट स्ट्रक्चर को आसान बनाने के लिए उठाया जा सकता है. मौजूदा समय में देश में जीएसटी के चार स्लैब (5 परसेंट, 12 परसेंट, 18 परसेंट और 28 परसेंट) हैं। इसे घटाकर तीन किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

### सुप्रीम फैसिलिटी का मुनाफा 95 फीसदी उछला

**पुणे।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं । छमाही में कंपनी की कुल आय 169.28 करोड़, एबिटडा 16.43 करोड़, एबिटडा मार्जिनः 9.70 फीसदी, शुद्ध लाभः 2.78 करोड़ और शुद्ध लाभ मार्जिन 1.64 फीसदी दर्ज हुआ। जबकि वित्त वर्ष2025 में कंपनी की कुल आय 331.57 करोड़, एबिटडा 32.95 करोड़, शुद्ध लाभ 6.79 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के सीईओ अमोल शिंगाटे ने कहा कि सुप्रीम फैसिलिटी ने मजबूत,उत्साहजनक व्यावसायिक प्रदर्शन किया है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और आईएफसी में करार

**मुंबई।** स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत बैंक एक व्यापक क्लाइमेट रिस्क एडवायजरी प्रोग्राम शुरू करेगा। इस पहल के माध्यम से एयू एसएफबी अपनी गवर्नेंस प्रणाली, रणनीतिक योजना, रिस्क मैनेजमेंट प्रक्रियाओं और ईएसजी प्रकटीकरण में क्लाइमेट रिस्क को एकीकृत करेगा। जो वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और उभरती नियामक अपेक्षाओं के अनुरूप है।

# साल के अंत तक चांदी 1.30 लाख रु. के स्तर पर पहुंचने की संभावना

नए शिखर पर चांदी भाव 1.05 लाख रु. किलो

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत 12 साल के हाई पर पहुंची*

वाणिज्य प्रतिनिध ▶▶ भोपाल

सोने की कीमतों में जोरदार तेजी के बाद अब चांदी चमक रही है। गुरुवार को वायदा बाजार में चांदी की कीमतों बढ़कर 1,04,947 प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। जबकि स्थानीय सराफा बाजार में चांदी पाट 1 लाख 5 हजार रुपए प्रति किलो के स्तर पहुंची और सोना 1 लाख 5 रुपए प्रति 10 ग्राम बोले गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत 12 साल के हाई पर पहुंची।

### चांदी एक शानदार परफॉर्मर के रूप में उभरी



बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार चांदी एक शानदार परफॉर्मर के रूप में उभरी है। हाल ही में इसने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 1,04,947 प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 12 साल के उच्चतम स्तर 34.90 प्रति औंस डालर के करीब पहुंच गई। उन्होंने कहाकि इस जोरदार तेजी के पीछे कई वजहें हैं। अमेरिका के आर्थिक आंकड़े कमजोर हैं। दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है। डॉलर की वैल्यू में गिरावट आई है। साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर एनर्जी जैसे सेक्टर्स से चांदी की औद्योगिक मांग भी तेजी से बढ़ रही है

### *व्यापक आर्थिक बदलावों के बीच आ सकता दामों में करेक्शन*

*हालांकि आगे का रास्ता पूरी तरह आसान नहीं होगा। वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर जारी अनिश्चितता, अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों में उतार-चढ़ाव और बदलती महंगाई की स्थिति के कारण बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। चांदी इस साल 1,30,000 प्रति किलोग्राम तक पहुंचने की मजबूत स्थिति में जरूर है, लेकिन व्यापक आर्थिक बदलावों के बीच दामों में करेक्शन भी आ सकता है, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। कुल मिलाक चांदी अभी भी दोहरी भूमिका निभा रही है। एक तरफ यह मौद्रिक हेज (सुरक्षा) के रूप में काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर औद्योगिक वृद्धि की कहानी भी बयान कर रही है। आने वाले महीनों में इसकी दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि वह इन दोनों भूमिकाओं को कितना संतुलित रख पाती है।*

डीएफएस सचिव एम नागराजू का राज्यों को पत्र

# बैंक कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें निर्बाध बैंकिंग सेवाएं बनाने पर ध्यान दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि राज्य बैंकिंग सेवाओं तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करें। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को भेजे पत्र नागराजू ने बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा और जनता के लिए दैनिक वित्तीय जरूरतों और आर्थिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए निर्बाध बैंकिंग सेवाएं बनाए रखने की आवश्यकता

### *आक्रामक व्यवहार करने की परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई*

*वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) सचिव ने कहाकि हाल के दिनों में समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया कवरेज ने बैंक परिसर के भीतर असामाजिक तत्वों की ओर से बैंक कर्मचारियों के साथ आक्रामक व्यवहार करने की परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं। इनमें मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमला और यहां तक कि परिचालन में बाधा डालना भी शामिल है। उन्होंने कहा है कि कृत्य गैरकानूनी हैं और इससे बैंक कर्मचारियों के मनोबल पर असर पड़ता है। नागराजू ने पत्र में लिखा है कि ऐसी घटनाएं बैंकिंग सेवाओं की सुरक्षित डिलीवरी में जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहाकि ऐसी कार्रवाइयों से सख्ती से और जल्दी से निपटा जाना चाहिए। बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए और बैंकिंग तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। नागराजू ने कहा कि राज्यों की ओर से बैंकिंग कर्मियों के लिए सुरक्षा से जुड़े उपाय करने से जनता का विश्वास बढ़ेगा।*

प्री-मानसून बारिश का असर ▶ 600 रुपए टन तक सस्ता हुआ सरिया

# मकान बनाने वालों के चेहरे खिले, व्यापारी भी खुश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरिया के दाम में आई गिरावट से ग्राहकों में उत्साह बना हुआ है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों में यह उत्साह अधिक देखने को मिल रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ये वे ग्राहक हैं, जो अपना घर बनाने के लिए दामों के गिरने का इंतजार कर रहे थे। दाम कम होने पर इनके द्वारा खरीदी भी की जा रही है। इन दिनों सरिया के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। वर्तमान में सरिया के दाम 500 से 600 रुपए प्रति टन तक कम होकर 53 से 54 हजार रुपए प्रति टन के स्तर पर पहुंच गया है। जनवरी से मार्च के बीच सरिया के दाम 57 से 59 हजार रुपए प्रति टन चल रहा था। विशेषज्ञों के अनुसार इस गिरावट के पीछे प्रमुख कारण प्री-मानसून की आहट को माना जा रहा है। अनुमान है कि 15 जून तक सरिया के दाम और 200 से 300 रुपए प्रति टन गिरकर 50 से 51 हजार रुपए तक आ सकते हैं। वर्तमान में सरिया की बेसिक कीमत 38 हजार रुपए प्रति टन है,



जिसमें विभिन्न आकारों (एमएम) के अनुसार पांच से छह हजार रुपए की अतिरिक्त लागत जुड़ती है। उदाहरण के तौर पर, 10 एमएम और 25 एमएम सरिया के दाम 44 हजार रुपए प्रति टन हैं। इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद कुल कीमत 52 हजार रुपए प्रति टन होती है। इसी तरह 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक के सरिया के दाम 45 हजार प्रति टन हैं, जो टैक्स मिलाकर करीब 53 हजार तक पहुंचते हैं।

### *तीन साल पहले 80 हजार रुपए था दाम*

*सरिया के दाम तीन साल पहले 2022 में ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए थे। मार्च 2022 में सरिया की कीमत 80 हजार रुपये प्रति टन से भी अधिक हो गई थी। यह तेजी 2021 से शुरू हुई थी, जो 2022 में चरम पर पहुंची। इसके बाद दाम गिरकर एक साल बाद 55 हजार तक पहुंचे। 2023 और 2024 में सरिया की कीमतें फिर से 55 हजार रुपए के ऊपर बनी रहीं, लेकिन अब लगभग पांच साल बाद पहली बार सरिया के दाम 53 से 54 हजार रुपए प्रति टन के बीच पहुंच गई हैं।*

# भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने किया शैक्षणिक कार्यक्रमों के 24वें कॉन्वोकेशन का आयोजन

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान जिसे भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसने शैक्षणिक कार्यक्रमों के 24वें कॉन्वोकेशन का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय कुमार सारस्वत, सदस्य नीति आयोग, पूर्व सचिव डीआरडीओ एवं प्रख्यात वैज्ञानिक शामिल हुए।

समारोह में राकेश शर्मा, अध्यक्ष ईडीआईआई तथा मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई तथा ईडीआईआई गवर्निंग बोर्ड के सम्मानित सदस्य मौजूद थे। इसके अलावा राजेश आर. गांधी, मैनेजिंग डायरेक्टर, वाडीलाल इंडस्ट्रीज, अहमदाबाद, राहुल भावे, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, आईएफसीआई लिमिटेड तथा पूर्णिमा भार्गव, सीजीएम एवं हेड, लर्निंग एवं एम्प्लॉयी एंगेजमेंट, आईडीबीआई बैंक मौजूद थे। 24वें कॉन्वोकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट - एंटरप्रेन्योरशिप, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट-इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट तथा फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के तहत 74 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस वर्ष के ग्रेजुएट होने वाले बैच में कुल 74 विद्यार्थी शामिल थे।

### एथर रिज्टा की 1 लाख से अधिक यूनिट्स बिकीं

**बैंगलुरू।** एथर एनर्जी लिमिटेड के फैमिली स्कूटर, रिज्टा की 1 लाख से अधिक यूनिट बिक चुकी हैं। रिज्टा ने बाजार में उतरने के एक साल के अंदर यह उपलब्धि हासिल कर ली है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अप्रैल, 2024 में लांच किया गया था। रिज्टा को भारत में फैमिली स्कूटर के ग्राहकों ने बहुत पसंद किया है।

### पूर्व क्रिकेटर सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किए गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था।

गुवाहाटी में होने वाले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान होगा परीक्षण

# टीम रिले प्रारूप, नई स्कोरिंग प्रणाली को परखेगा बीडब्लूएफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैडमिंटन विश्व महासंघ गुवाहाटी में होने वाले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान परीक्षण और विश्लेषण कार्यक्रम के तहत मिश्रित टीम स्पर्धा में नयी स्कोरिंग प्रणाली के साथ-साथ 15 अंको वाले तीन गेम प्रारूप का आकलन करेगा।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन असम की राजधानी स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में होगा। टीम चैंपियनशिप छह से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएं 13 से 19 अक्टूबर तक होंगी। बीडब्लूएफ और भारतीय बैडमिंटन संघ प्रतियोगिता को अधिक रोमांचक बनाने के साथ वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए दो नए प्रारूपों की शुरुआत करेंगे। मिश्रित टीम टूर्नामेंट में पुनः संशोधित रिले प्रारूप लागू किया जाएगा जिसमें 45 अंक हासिल करने तक 'बेस्ट ऑफ थ्री सेट' प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे।प्रत्येक सेट में पांच मुकाबले होंगे। इसमें पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले शामिल है। बीडब्लुएफ के महासचिव थॉमस एल ने कहा, 'हम बैडमिंटन में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बीएआई, गुवाहाटी और बीडब्लूएफ की प्रगतिशील और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ दूरदर्शी चैंपियनशिप पेश करके खुश हैं।'




### मुकाबले में तीन सेट होंगे तथा प्रत्येक सेट में पांच मैच

बीडब्लयूएफ व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 15 अंको के तीन गेम स्कोरिंग प्रारूप का परीक्षण करेगा। टीम रिले प्रारूप के अनुसार प्रत्येक मुकाबले में तीन सेट होंगे तथा प्रत्येक सेट में पांच मैच होंगे। प्रत्येक मुकाबले तब जीता जाएगा जब कोई खिलाड़ी या जोड़ी नौ अंक हासिल कर ले। दूसरा मुकाबला उसी स्कोर से शुरू होगा जिस पर पहला मैच समाप्त हुआ था और खेल तब तक जारी रहेगा जब तक कि कोई एक टीम 45 अंक तक नहीं पहुंच जाती। इसी प्रकार दो और सेट खेले जाएंगे तथा तीन में से दो सेट जीतने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।

### अगले आईपीएल में करूंगा बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था। इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## आवश्यकता


आवश्यकता है- सीधी भर्ती नौकरी बैंक, एयरपोर्ट पोस्टमैन जिलानुसार लड़के-लड़कियां 8वी- ग्रेजुएट (30500-70500) फीस- 600/- (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) आवेदन करें:- 7434907396 (भोपाल /08/मार्च 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5889



**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

### शब्द पहेली- 5888 का हल



## सूडोकु नवताल - 5899

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5898 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा



हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

## मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,



निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

## बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

## रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



## बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों



और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

## बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर



फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

## हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड



लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल और निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर



देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी



प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

## हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमुर भी करते हैं एस्टिवेशन

**पक्षियों में** हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *




**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़


अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।



अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता
राकेश चक्र



## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?




बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोवेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।




**उत्तर:** 1.डॉगी की पूंछ दिख रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना के दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A





### भारतीय ए-टीम और इंग्लैंड लायंस के बीच होगा मुकाबला

# गिल-सुदर्शन की एंट्री, राहुल करेंगे रनों की बारिश, आज से दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल और साई सुदर्शन से लेकर केएल राहुल जैसे बड़े सितारे शुक्रवार से इंग्लैंड की सरजमीं पर एक्शन में दिख सकते हैं। भारत और इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज वैसे तो 20 जून से शुरू होनी है, लेकिन उससे पहले इंडिया-ए बनाम इंग्लैंड लायंस दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच 6 जून से खेला जाएगा। बता दें कि दोनों टीमों का पहला मैच रद्द हो गया था, जिसमें इंडिया-ए के लिए करुण नायर ने 204 रनों की शानदार पारी खेली थी। अब जानिए दूसरे फर्स्ट-क्लास मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन कैसी दिख सकती है?

अभिमन्यू ईश्वरन टीम की कप्तानी कर रहे होंगे, जो पहले मैच में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। केएल राहुल पुष्टि कर चुके हैं कि वो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहने वाले हैं। राहुल को इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड में भी स्थान मिला है, जिन्हें ओपनिंग के विकल्प के तौर पर भी देखा जा रहा है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ यशस्वी जायसवाल पहली पारी में फेल हुए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 64 रन बना डाले थे।



## गिल-साई टीम में शामिल

*आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन को भी इंडिया-ए टीम में जगह मिली थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 759 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टेस्ट टीम के नवनिर्वाचित कप्तान शुभमन गिल भी दूसरे मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। गिल, आईपीएल 2025 में 650 रन बनाकर आ रहे हैं। नितीश कुमार रेड्डी और ध्रुव जुरेल ने दूसरी पारी में क्रमशः नाबाद 52 और 53 रनों की पारी खेली थी।*

### बाहर बैठेंगे नायर

पहले मैच में डबल सेंचुरी बनाने वाले करुण नायर टीम से बाहर बैठ सकते हैं, जिन्हें पहले मैच में अपना खेल दिखाने के लिए काफी समय मिला था। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के मद्देनजर नायर की जगह केएल राहुल को देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा गेम-टाइम देने का प्रयास किया जा सकता है।

**इंडिया-ए टीम** :अभिमन्यू ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, नितीश रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे/तनुष कोटियन, अंशुल कंबोज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## टेस्ट : टंग-कुक नए चेहरे, वोक्स की वापसी, इंग्लैंड टीम का ऐलान

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत-ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है। टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। 31 वर्षीय इस गेंदबाज को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच में अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है और उनके मैच से पहले फिट होने की उम्मीद है।

### भारत के इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20-24 जून | लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2-6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10-14 जुलाई | लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23-27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई - 4 अगस्त | लंदन |

**इंग्लैंड की टीम** : बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# गनीमत चयन ट्रायल में 166 अंक के स्कोर से बनी शीर्ष भारतीय

एजेंसी ▶▶| भोपाल

पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया।

भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाए। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाए। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में 60 में से 58 अंक हासिल किए। महिला वर्ग में राजस्थान की दर्शना राठौर ने 60 में से 50 अंक के साथ खिताब जीता।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक - 675/ ई-टेंडर/फायर शाखा/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 05-06-2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _428927_1 | Supply Work Of Diesel Pump At Municipul Corporation Rewa. | 3.12 लाख | 2000/- 3120/- | 19/06/2025 17:30 बजे तक |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

HEALTH OFFICER
MUNICIPAL CORPORATION
REWA (M.P.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर(म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_428882_1 P.R.O.-211 05/06/2025 | कलेक्टर जनसुनवाई की शिकायत के निराकरण हेतु श्री गोलीराम महोबिया के घर के आगे की ओर नाला निर्माण कार्य | 2 माह 2.53 लाख | 2000/- 2530/- | 20/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**
दूरभाष - 07642-252443 ई-मेल — eephedmal@mp.nic.in फेक्स 07642-253622

निविदा क्र. 34/2025-26 / नि.शा. / लो.स्वा.या. / 2025 मण्डला, दिनॉक 02.06.2025

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 13/06/2025 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 16/06/2025 सायं 12.00 बजे के पश्चात है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Name of Work : - Out Sourcing of 10 nos Computer Operator and 02 nos Lab Attendant and 02 Nos Unskilled Labor for 12 Month to The PHE Sub Division Office Mandla of District Mandla (M.P.)**

| क्र. | निविदा क्रमांक | ई-टेण्डर आई.डी.नं. | उपखण्ड का नाम | कार्य की संख्या | | | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कम्प्युटर ऑपरेटर | लेब असिस्टेंट | अकुशल श्रमिक | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 34/ 2025-26 | 2025_PHED _428300_1 | मण्डला | 16 नग | 06 नग | 04 नग | 56.33 | 56330 | 10000 | 12 माह वषार्काल सहित |

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

G-13912/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मण्डला


### यह भयावह त्रासदी...

# बेंगलुरु भगदड़ पर क्रिकेट जगत ने जताया शोक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि यह बहुत ही भयावह त्रासदी है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 18 साल बाद पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हुए हैं। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जो भी हुआ, वह भयावह है। हर प्रभावित परिवार के प्रति मेरी संवेदनाए। सभी को सुकून और शक्ति मिले।' दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लिखा, 'चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।'

भारत के पूर्व कप्तान और कोच और बेंगलुरु के रहने वाले अनिल कुंबले ने इसे क्रिकेट के लिए दुखद दिन करार दिया। उन्होंने लिखा, 'क्रिकेट के लिए दुखद दिन। आरसीबी की जीत का जश्न मनाने में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।'

युवराज सिंह ने लिखा, 'जश्न का पल अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। बेंगलुरु हादसे से प्रभावित हर एक के प्रति मेरी संवेदना। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और उनके परिवार को शक्ति।'

### जश्न से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं जिंदगियां

**बेंगलुरु।** महान ऑलराउंडर कपिल देव ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि 'जिंदगी जश्न से ज्यादा महत्वपूर्ण है' और सभी को भविष्य में उचित सावधानी बरतने की सलाह दी। एक कारपोरेट कार्यक्रम के मौके पर कपिल ने कहा, 'मुझे इस बात का बहुत बुरा लग रहा है। मुझे लगता है कि हमें एक-दूसरे से सीखना चाहिए। अगली बार जब ऐसा कुछ होगा तो लोगों को अधिक सचेत रहना चाहिए। लोग गलती करते हैं। गलतियां इतनी बड़ी नहीं होनी चाहिए कि आप मौज-मस्ती कर रहे हों और जान गंवा बैठें। भविष्य में अगर कोई टीम जीतती है तो उसे धैर्य रखना चाहिए।

### दिल्ली चेस में 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि


**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपए होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है।

# सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारी

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर



एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी।

### मिश्रित युगल जोड़ी को मिली हार

भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेड्वसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी।


**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**-डी आर एम-डब्ल्यू - जे.बी.पी 89-2025, दिनांक 04/06/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधीन 2 विविध कार्य:- **भाग ए**:- बीना- कटनी सेक्शन के टीएसएस/एसपी/एसएसपी में स्टोर सुविधाओं में सुधार और जबलपुर मंडल के टीआरडी डिपो में वर्कशॉप और पार्किंग शेड सुविधाओं में सुधार। (मजगवां फाटक टीएसएस, करहिया भदेली टीएसएस, मकरोनिया टीएसएस, बीना टीएसएस, गिरवर एसएसपी, जेरुवा खेड़ा एसएसपी, गणेशगंज एसएसपी, घटेरा एसएसपी, सगोनी एसएसपी, बघौरा एसएसपी)। **भाग बी**:- दमोह, सागर सब-डिवीजन में जेबीपी मंडल के टीआरडी डिपो के लिए स्टोर रूम सुविधाएं (जबलपुर मंडल के टीआरडी डिपो के लिए स्टोर रूम सुविधाओं का हिस्सा। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-2,04,43,529/-, **बयाना राशि रुपए**-2,52,200/-, **समापन अवधि**-12 माह। **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय** 15.00 **बजे तक**-27.06.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे तक**-27.06.2025। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस वोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



**आवश्यकता है** मध्यप्रदेश शाखा:- सिवनी, कटंगी, बरघाट.

- **शाखा प्रबंधक - (संख्या-3)** (पदविधर/ पदव्युत्तर/क्रेडिट सोसायटी/ मल्टीस्टेट क्रेडिट सोसायटी/ को-ऑपरेटिव्ह बँक या बँकींग क्षेत्र का 3-5 साल का अनुभव)
- **लोन ऑफिसर - (संख्या-2)** (पदविधर/ पदव्युत्तर/क्रेडिट सोसायटी/मल्टीस्टेट क्रेडिट सोसायटी/को-ऑपरेटिव्ह बँक या बँकींग क्षेत्र का 1-3 साल का अनुभव)
- **सेल्स ऑफिसर - (संख्या-25)** (किसी भी क्षेत्र से पदविधर और को-ऑपरेटिव्ह बँकींग क्षेत्र का कम से कम 2 साल का अनुभव)
- **ऑफिसर/सिनियर ऑफिसर - (संख्या-10)** (पदविधर/ पदव्युत्तर/क्रेडिट सोसायटी/मल्टीस्टेट क्रेडिट सोसायटी/को-ऑपरेटिव्ह बँक या बँकींग क्षेत्र का 1-3 साल का अनुभव)

**मुलाखात दि. 7 जुन 2025**
**समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक**

पता : चतुर्वेदी कॉम्प्लेक्स, बाहुबली चौक, बडा पत्थर रोड, स्टेट बैंक के पास, सिवनी, मध्य प्रदेश

ओ सि एम एस
मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव्ह क्रेडिट सोसायटी लि.
रिश्ता... बैंकिंग से परे
इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें.

हेड ऑफीस : प्लॉट क्र. 1922, भंडारा रोड, पारडी पूर्व नागपूर 440035 (महाराष्ट्र)
शाखा विस्तार : महाराष्ट्र । गुजरात । मध्यप्रदेश
टोल फ्री : 1800 889 2912

ई-मेल : ocmsmultistate@gmail.com | www.ocmsmultistate.com

RB Ads



**कार्यालय नगरपालिका परिषद पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.)**
(Phone: 0761-2350029 Email: cmopanagar@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 1238/ई-टेण्डर/2025-26 **निविदा सूचना** पनागर, दिनांक 05/06/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 429015_1 06.06.2025 | निकाय हेतु वर्ष 2025-26 की अवधि में नाली सफाई मिनी पाकलेन (Mini Excavator) मशीन किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य | 45 दिवस 495000.00 | 2000.00 5000.00 | 16.06.2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

श्री प्रदीप पटेल (अध्यक्ष)
नगर पालिका परिषद, पनागर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, पनागर



**खण्ड- I ई - निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन वन विभाग**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन**
दूरभाष क्रमांक- 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- स्टोर / 2025/5280 दिनांक 30/05/2025

1. वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधन - 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई - निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | विधुत सामग्री क्रय | 25000 | 1000 |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 30-05-2025 शाम 6.55 बजे से दिनॉक 21-06-2025 शाम 6.55 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप मे उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
4. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र / परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किये जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- https://mptenders.gov.in/

वनमंडल अधिकारी,
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

G-13915/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर (म. प्र.)**
jscjjbp@mp.gov.in Fax No - 0761-2621752 Ph. No - 0761-2620016

क्रमांक I/निर्वाह/2025 **प्रथम ई-निविदा सूचना वर्ष - 2025-26** जबलपुर, दिनांक 02/06/2025

जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक 12924 / उद्योग / 2025, भोपाल दिनांक 31.05.2025 द्वारा प्राप्त निर्देश के पालन में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर एवं मध्यप्रदेश की अन्य जेलों हेतु कार्यालय, अस्पताल एवं सुरक्षा उपकरण के कय हेतु मध्यप्रदेश भण्डार कय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निविदाएं ई-टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 10.06.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे | संबधित जेल अधीक्षक कार्यालय में जिस हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है |
| 2 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रुपए तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | दिनॉक 26.06.2025 को सायंकाल 5.30 बजे तक | https://mptenders.gov.in |
| 3 | नमूने जमा करने की तिथि | दिनॉक 27.06.2025 को दोपहर 11:00 बजे से | https://mptenders.gov.in |
| 4 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूना परीक्षण | दिनॉक 28.06.2025 को दोपहर 11:00 बजे से | https://mptenders.gov.in |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनॉक 30.06.2025 को दोपहर 11:00 बजे | https://mptenders.gov.in |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेवसाईट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

जेल अधीक्षक
नेताजी सुभाषचंद्र बोस,
केन्द्रीय जेल, जबलपुर

G-13856/25 "स्वच्छता ही सेवा"




# चौथी मंजिल से कूदे जूनियर डॉक्टर की मौत

## मेडीकल कॉलेज में घटना से मचा हड़कंप

**जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के ब्यॉज हॉस्टल की चौथी मंजिल से गुरूवार की सुबह एक जूनियर डॉक्टर ने छलांग लगा दी। इस हादसे में जूडॉ की मौत हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में कही जा रही है कि जूडॉ पिछले कई दिनों से डिप्रेशन (मानसिक अवसाद) में था। वहीं दूसरी ओर रैगिंग की भी संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। मृतक जूडॉ के परिजनों को सूचना दे दी गई है।**




गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल नंबर 4 में रहने वाले फर्स्ट ईयर स्टूडेंट शिवांश गुप्ता ने दोपहर 12 बजे चौथी मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। जूनियर डॉक्टर के जमीन पर गिरते ही अन्य छात्रों के बीच हड़कंप मच गया, हॉस्टल में दौड़-भाग मच गई। हॉस्टल के छात्रों ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और पुलिस को इसकी सूचना दी और उसे लेकर सीधे मेडिकल अस्पताल के इमरजेंसी में पहुंच गए। चिकित्सकों ने जूडॉ की हालत गंभीर देखते हुए उसे सीधे आईसीयू में शिफ्ट किया। उसके हाथ, पैर व सिर में गंभीर चोटें आने इलाज शुरु होते ही कुछ देर में जूडॉ शिवांश गुप्ता ने दम तोड़ दी। घटना की सूचना मिलने पर गढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### डीन-अधीक्षक पहुंचे

जूडॉ के इस हादसे की सूचना मिलते डीन डॉ नवनीत सक्सेना और अधीक्षक डॉ अरविंद शर्मा सहित अन्य स्टॉफ मौके पर पहुंचा। हॉस्टल के अन्य छात्रों से पूछताछ कर यह पतासाजी की जा रही है कि आखिरकार प्रथम वर्ष का छात्र शिवांश गुप्ता डिप्रेशन में क्यों था ?

### रैगिंग का हो सकता है मामला

पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि यह मामला रैगिंग का हो सकता है। हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्रों से जानकारी जुटाई जा रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

# हाई कोर्ट ने पेट्रोप पंप आवंटन को चुनौती पर मांगा जवाब

## इंडियन ऑयल कारपोरेशन सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पेट्रोल पंप आवंटन को चुनौती के मामले को गम्भीरता से लिया। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इंडियन आयल कारपोरेशन के अधिकारियों, कलेक्टर रीवा, तहसीलदार व कुलदीप जायसवाल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिाककर्ता रीवा निवासी संतोष कुमार पांडे की ओर से दलील दी कि वर्ष 2019 में ग्राम भकरवार तहसील जावा में कुलदीप जायसवाल को पेट्रोल पंप आवंटित किया गया था। विज्ञापन में यह शर्त थी कि जमीन सड़क की सीमा से सटी हुई हो एवं भूमि स्वामी का शुरू से उस पर कब्जा रहा हो। आरोप है कि कुलदीप ने यह शर्त पूरी नहीं की, फिर भी उसे आवंटन कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने इसकी शिकायत की और निरीक्षक की रिपोर्ट भी लगाई जिसमें स्पष्ट था कि उक्त भूमि सड़क मार्ग से लगी हुई नहीं है। बाद में आरटीआई से जानकारी मिली कि 15 मार्च, 2021 को उक्त भूमि के नक्शे में संशोधन कर दिया गया है। याचिकाकर्ता की शिकायत को निरस्त करते हुए चार मार्च, 2025 को आदेश जारी कर यह कहा गया कि कुलदीप को विधि अनुरूप ही पेट्रोल पंप आवंटित किया गया है।



# खमरिया में 5 फुट के मगरमच्छ का रेस्क्यू

**वन विभाग की टीम ने पकड़ा, खंदारी जलाशय में छोड़ा**

जबलपुर।

खमरिया वेस्ट लैंड स्थित लेक में वर्षो से डेरा जमाए मगरमच्छ रेस्क्यू कर उसे खंदारी जलाशय में छोड़ा जाएगा। दरअसल यहां मगरमच्छ की मौजूदगी को लेकर आसपास के रहवासी परेशान थे और उन्होंने चिंता जताई थी कि लेक के आसपास बच्चें व बुर्जुग घूमने आते हैं ऐसे में कोई दुर्घटना न हो जाए।

इसी बीच गर्मी के दिनों में लेक का पानी कम होने पर मगरमच्छ अक्सर लेक के बीच में स्थित पत्थर में नजर आने लगा था। ओएफके प्रशासन के पत्र पर वन विभाग ने रेस्क्यू टीम को मगरमच्छ की निगरानी में लगाया था। जिसे बुधवार की रात मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता मिल गई।वन्य प्राणी विशेषज्ञ धनंजय घोष ने बताया की मगरमच्छ की उम्र लगभग 4 से 5 वर्ष की है। जिसकी लंबाई लगभग पांच से साढ़े पांच फीट के आसपास होगी। बरहाल मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद सभी को राहत महसूस की हैं। रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को खंदारी जलाशय में छोड़ जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## विभिन्न स्थानों पर छायादार, फलदार वृक्षों का हुआ रोपण

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लिया गया जल, जंगल, वृक्ष बचाने का संकल्प

जबलपुर।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजन किए गए। कही छायादार वृक्षों का रोपण किया गया तो कही फलदार पौधे रोपे गए तो कही संगोष्ठी आयोजित की गई। जल, जंगल, और पेड़ पौधों के संरक्षण के संकल्प लिए गए।

### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आव्हान पर पर्यावरण संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव विनय अनिता के नेतृत्व में किया गया। सर्वप्रथम आचार्य समयसागर मुनिराज के पावन चरणों में पादप्रक्षालन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात आचार्य श्री के दिव्य आशीर्वाद से पर्यावरण संरक्षण के संदेश से युक्त पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ महाकोशल - विंध्य रीजन के जबलपुर स्थित ग्रुपों के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

### नागरिक अधिकार मंच

नागरिक अधिकार मंच के तत्वाधान में स्थानीय शासकीय माध्यमिक शाला पोलीपाथर में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम अतिथियों और महिलाओं के द्वारा 10 आम, नीम और अशोक के वृक्ष लगाए गए, इस कार्यक्रम में अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव और शाला प्राचार्य श्री शर्मा उपस्थित रहे।



### प्रकृति संरक्षण आवश्यक

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं एन.एस.एस.के संयुक्त तत्वाधान में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यावन परिसर में वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा पाण्डे, प्रो. अरूण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर, विभागाध्यक्ष भूगोल डॉ. राजेश शामकुँवर, एनएसएस प्रभारी डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. पुष्पा तनेजा आदि उपस्थित थे।

### नगर निगम ने गधेरी में किया वृहद वृक्षारोपण

नगर निगम द्वारा केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अमृत योजना अतंर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डुमना स्थित गधेरी गेट टॉवर के पास वृहत पैमाने पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा के पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक हैं।



# नम हवाओं के चलने से वातावरण में गर्मी बढ़ी

## उमस भरी गर्मी से जनजीवन हलाकान

**जबलपुर**। जून के महीने में गर्मी ने जनजीवन को परेशान कर रख है। सूर्य देव आग उगल रहे हैं। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से जनजीवन हलाकांन और बैचेन है। शाम ढलने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। रात में उमस ने बैचेन किया। मौसम विभाग की माने तो राजस्थान से आ रहीं नमीं भरीं हवाओं ने उमस बढ़ा दी है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मौसम शुष्क रहने की वजह से और हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ने से तापमान उछाल मार रहा है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से बादलों की आवाजाही बनी रही जिससे मौसम में उमस बढ़ी। पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम रिकार्ड किया गया।

वहीं न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 55 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 बजे और सूर्यास्त शाम 6.54 बजे हुआ। मौसम कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी हवा 5 से 6 किलोमीटर प्रति रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

# आयकर में सही कटौती दर्शाने करदाताओं को किया जागरूक

**हरिभूमि, जबलपुर**। आयकर कार्यालय वार्ड 2(2) जबलपुर के द्वारा कर्मचारी राज्य बिमा ( सेवाएं) के घमापुर जबलपुर स्थित स्वास्थ संसथान परिसर में आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन गुरूवार दिनांक 05.06.2025 को प्रधान आयकर आयुक्त -1 सविता बुन्दस के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य करदाताओ को जागरूक करना व आयकर विवरणी में सही कटौती दर्शाने को प्रेरित करना था । आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) तथा अन्य सम्बंधित विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार तिवारी आयकर अधिकारी, महेश कुमार शुक्ला आयकर अधिकारी, अविनाश कुमार आयकर अधिकारी एवं साकेत कुमार सिन्हा आयकर निरीक्षक जबलपुर उपस्थित रहे। इसके साथ ही कर्मचारी राज्य बिमा (सेवाएं) कार्यालय के तरफ से कार्यालय प्रमुख डॉ. दीपक गोटिया एवं डॉ. रूचि गुप्ता के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मोड़ पर ई-रिक्शा जंप होने से गिरी महिला घायल

**जबलपुर**। गढ़ा थाना अतंर्गत शारदा चौक के पास मोड़ते समय ई रिक्शा जंप होने से उसमें सवार एक महिला नीचे गिर गई, जिससे उसके भौंह पर और पैर पर चोटें आ गई।गढ़ा थाना पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनगढ़ महावीर मंदिर के पीछे गोरखपुर निवासी 45 वर्षीय श्रीमति शर्मिला रजक गत दिवस अपने पति मुकेश रजक के साथ जेठ अंबिका प्रसाद रजक के घर जसूजा सिटी गयी थी एवं वहां से पति के साथ ई रिक्शा में बैठ कर घर आ रही थी जहां आटो का किराया 40 रूपये में तय हुआ था रात लगभग 9.30 बजे शारदा चौक पहुंचे तो ई रिक्शा चालक किराये के 30 रूपये और बोलने लगा, तो उसने ई रिक्शा चालक से घर तक छोड़ने को कहा। ई रिक्शा चालक तेज गति से चलाते हुये शारदा चौक के पास ई रिक्शा मोड़ कर वापस ले जाने लगा जिससे ई रिक्शा जंप हो गया और वह ई रिक्शा से गिर गयी, जिस कारण उसे भोंह के ऊपर एवं पैर में चोटें आ गयी है। ई रिक्शा में एक लड़का और बैठा था जिसने ई रिक्शा चालक का नाम सिद्धार्थ बताया। वहीं ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# फ्लाईट सेवा के लिए जारी रहेगा सतत संघर्ष

## नो फ्लाइंग डे की सालगिरह आज

जबलपुर।

गत वर्ष 6 जून को नो फ्लाइंग डे जबलपुर में मनाया गया जिसका उद्देश्य जबलपुर को वायु मार्ग के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करना था। इस वृहद आंदोलन में समाज के हर वर्ग ने सहभागिता की तथा उक्त आंदोलन की चर्चा संपूर्ण देश में की गई। वायु सेवा संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि एक वर्ष बीत जाने के बाद जबलपुर की वायु सेवाओं में आंशिक सुधार हुआ है तथा अभी बहुत कुछ करने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जहां जबलपुर को पुणे, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद से सीधी वायु सेवा से जोड़ने की आवश्यकता है वहीं दिल्ली एवं मुंबई के लिए अतिरिक्त वायु सेवा की भी दरकार है।




### पुणे के लिए त्वरित पहल

संघर्ष समिति के बलदीप मैनी, मनु शरत तिवारी, सोहन परोहा, जितेंद्र पचौरी दीपक सेठी ने बताया कि अभी हाल ही में पुणे में 15 वायु सेवाओं के लिए स्लॉट निर्धारित किया गया है। अभी आवश्यकता है कि जबलपुर का नेतृत्व सार्थक पहल करते हुए पुणे विमानतल पर जबलपुर की सीधी वायु सेवा के लिए स्लॉट प्रदान करने संघर्ष करे।

### फ्लाइट सर्किट बनाने की आवश्यकता

वायु सेवा संघर्ष समिति के अजीत पवार, प्रीति चौधरी, सुनील श्रीवास्तव आदि ने बताया कि जबलपुर को विभिन्न शहरों से जोड़ने फ्लाइट सर्किट बनाने की आवश्यकता है जिसके तहत 500 किलोमीटर की परिधि में स्थित शहरों तक आने वाली फ्लाइट्स को जबलपुर तक बढ़ाया जाए। हमारे नजदीकी शहर जैसे नागपुर, इंदौर, भोपाल, प्रयागराज, रायपुर तक आने वाली विभिन्न वायु सेवाओं को जबलपुर तक आगे बढ़ाया जाए जिससे कि हमारी समस्या कुछ हद तक कम हो। वायुसेवा संघर्ष समिति ने आशा व्यक्त की है जबलपुर की वायुसेवाओं को सुदृढ़ बनाने सभी वर्गों के लोग आगे बढ़ेंगे तथा वायुसेवा संघर्ष समिति उड़ान जबलपुर के प्रयास एवं संघर्ष में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

# काम से निकाले गए मुनीम पर जताई शंका

# आंख में मिर्ची डालकर की मारपीट

**जबलपुर**। कोतवाली थाना अतंर्गत स्टेट बैंक कालोनी उखरी में एक युवक पर एक अज्ञात बदमाश ने आंख में मिर्ची डालकर मारपीट कर सिर पर लोहे से हमला कर चोटें पहुंचा दी। युवक को शंका है कि उसके साथ काम करने वालें एक व्यक्ति जिसे उसने काम से निकलवा दिया था उसी ने उसके साथ मारपीट की है।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेट बैंक कालोनी उखरी निवासी 42 वर्षीय ट्रांसपोर्ट व्यापारी अमित कुमार राय गत रात लगभग 11.30 बजे अपने ट्रांसपोर्ट से मझगवां भेजने के लिये पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड जे 9971 में सामान लोड करवाकर, ट्रांसपोर्ट बंद करके अपने घर स्टेट बैंक कालोनी में घर के सामने पिकअप को खड़ी कराने के लिये पिकअप के ड्रायवर प्रदीप जायसवाल के साथ अपने घर



के लिये निकला था रात लगभग 12.15 बजे अपने घर के पास पहुँचा और पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड जे 9971 को घर के सामने खड़ी करने के लिये बैक करवा रहा था तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पीछे से उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया और अज्ञात ने उस पर किसी चीज से हमला कर सिर पर चोट पहुंचा दी और मौके से फरार हो गया।अमित कुमार राय ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले उसका विवाद उसके ट्रांसपोर्ट के मुनीम दिनेश जायसवाल के साथ पैसों को लेकर हो गया था दिनेश जायसवाल उससे वेतन मिलने के बाद भी अतिरिक्त खर्चे के लिये पैसे मांग रहा था, उसने पैसे देने से मना किया तो दिनेश जायसवाल ने उसके साथ हाथापाई की थी उस समय आपसी समझौता भी हो गया था। उसने दिनेश जायसवाल को नौकरी से निकाल दिया था। दिनेश ने उसे देख लेने की धमकी दी थी लिहाजा उसे शंका है कि उसी ने यह हमला करवाया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 118(1), 119(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# ट्रक में सो रहे ड्रायवर की गिरने से मौत

**जबलपुर**। विजयनगर थाना अतंर्गत धर्मकांटा के पास ट्रक लगाकर ट्रक के ऊपर सो रहा एक ड्रायवर जमीन पर गिरा और सिर पर आई चोट के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा प्रकाश होटल के पीछे मंडला निवासी 35 वर्षीय ट्रक ड्रायवर नरेश रघुवंशी गत रात गेहूं लोड कर धर्मकांटा के पास ट्रक लगाकर ट्रक के ऊपर सो रहा था, जो सोते समय ट्रक के ऊपर से जमीन पर गिर गया और उसके सिर पर गंभीर चोटें आ जाने के कारण मौके पर ही नरेश की मृत्यु हो गयी।

# एग्रीटेक हब जबलपुर में क्यों नहीं...?

## प्रदेश का सबसे बड़ा कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर जबलपुर में

जबलपुर।

प्रदेश का सबसे बड़ा कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर जबलपुर में पहले से स्थापित होने के बावजूद भी जबलपुर की अनदेखी की गई तथा 3 जून को मप्र शासन के मंत्री मंडल ने इंदौर के 15 करोड़ की लागत वालें एग्रीटेक इनोवेशन हब को मंजूरी दे दी है। यह जबलपुर के साथ अन्याय है, यह आपत्ति पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे ने प्रमुख सचिव कृषि मंत्रालय भोपाल को भेजी है। ऐसे सेंटर ऑफ एक्सलेंस से जबलपुर को वंचित क्यों किया?

पत्र में बताया कि देश का सबसे बड़ा मटर उत्पादक केंद जबलपुर है, जबलपुर ब्रांड मटर अब विश्व में ख्याति प्राप्त है, जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा कृषि विश्वविद्यालय, कृषि कॉलेज है। प्रदेश का एकमात्र कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज तथा प्रयोगशालाएं जबलपुर में हैं। खेती में नए अविष्कार, तकनीकों सहित उन्नत ढांचे की प्रयोगशालाएं तथा क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना, यह शुरु से ही जबलपुर में है। अतः इंदौर में कोई ब्रांड तथा इतना बड़ा कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं होने के बावजूद भी राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम, तथा मंत्रालय ने भी जबलपुर की अनदेखी की है।

डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, सुभाष चंद्रा, टीके रायघटक, ने बताय कि केंद्र सरकार के इस प्रोजेक्ट हेतु जबलपुर के कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय से पूर्व में कोई भी पत्राधार नहीं किया गया है। तथा मप्र शासन ने आंख बंद कर इंदौर की अनुशंसा कर दी है।

# शासकीय बालगृह में किया गया पौधारोपण

## -जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत पंच-ज अभियान को गति देते हुए पर्यावरण को सरंक्षित करने के उद्देश्य से शासकीय बाल गृह, गोकलपुर में पौधारोपण कार्यकम एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी , शक्ति रावत ने पीपल का पौधा रोपित किया। साथ ही बालगृह के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है एव स्वैच्छिक रूप से पौधारोपण कर उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे एवं प्राकृतिक वातावरण शुद्ध व स्वच्छ बना रहे। प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास

## किसान संघ सोमवार से मंडियों में किसानों से करेगा संवाद

# मूंग व उड़द उत्पादक किसानों का फूटा गुस्सा

जबलपुर।

मध्यप्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल के द्वारा उड़द व मूंग खरीदी को लेकर जारी बयान कि सरकार उड़द व मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं करेगी। श्री वर्णवाल के जारी बयान के बाद प्रदेश सरकार के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े संगठन भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने मीडिया के माध्यम से सरकार के नाम खुला पत्र जारी करते हुये तीखे सवाल पूंछे है। जिनके उत्तर भारतीय किसान संघ ने सार्वजनिक तौर पर किसानों के समक्ष सरकार व मुख्यमंत्री से रखने को कहा है।



### ये हैं सवाल

सरकार की किस लैब की जांच रिपोर्ट में मूंग व उड़द को जहरीला रसायन युक्त बताया गया है। मूंग व उड़द की जांच प्रक्रिया सार्वजनिक करे सरकार। खरपतवार नाशक पेस्टीसाइड किसान धान, गेंहू, चना या अन्य अनाज में भी प्रयोग करता है। क्या इनकी जांच में भी जहरीला रसायन पाया गया है। सरकार द्वारा घोषणा पत्र में किया वादा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का कब पूरा करेगी सरकार। सरकार किसानों को डीएपी उपलब्ध करायेगी की नहीं। क्या बिना खाद के ही किसान फसल पैदा करे। सरकार घोषित एमएसपी पर फसल खरीदी करेगी की नहीं। मंडियों में एमएसपी पर खरीदी कब प्रारंभ होगी। क्या सरकार किसानों को परेशान कर जमीन छींनकर उद्योगपतियों को देना चाहती है। किसानों के साथ मंडी में जारी लूट कब बंद होगी। किसान को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य कब मिलेगा। किसान को 10 घंटे थ्री फेस बिजली कब से मिलेगी। हर किसान के खेत पर पानी नहरों से कब तक पहुंचेगा और नहरों की मरम्मत कब होगी। आंध्रा, उड़ीसा राज्यों में खरपतवार नाशक ग्लाइफोसेट पर प्रतिबंध है। मध्यप्रदेश में कब प्रतिबंधित करेगी सरकार।

### किसान संघ करेगा चरणबद्ध आंदोलन

भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने के कारण मूंग व उड़द उत्पादक जिलों के किसान नाराज है। इसलिये किसानों की मांग पर भारतीय किसान संघ चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत कर रहा है। जिसके तहत किसान संघ के कार्यकर्ता सोमवार को महाकौशल प्रांत की सभी मंडियों में जाकर किसानों से उड़द व मूंग खरीदी न होने से होने वाले नुकसान को लेकर संवाद करेगें। किसानों से सलाह व परामर्श के बाद अगले आंदोलन की घोषणा की जायेगी।

## गूंजा हर-हर गंगे हर-हर नर्मदे का उद्घोष

# गंगा दशहरा पर लगी श्रद्धा की डुबकी



**जबलपुर।** गंगा दशहरा के पावन पर्व के अवसर पर पुण्य सलिला माँ नर्मदा के विभिन्न तटों पर कल सुबह से ही नर्मदा स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही और शाम को महाआरती के वक्त भारी जनसैलाब यहां उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे हर हर नर्मदे के उद्घोष के साथ नर्मदा नदी के पावन तटों पर श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई।

गंगा दशहरे का भले ही गंगा के तटों में मुख्य रुप से बनाया जाता है लेकिन नर्मदा तट पर भी पूरी श्रद्धा के साथ गंगा दशहरे का पर्व मनाया जाने लगा है। इस दिन श्रद्धालु माँ नर्मदा में गंगा जल अर्पण कर माँ गंगा का आव्हान करते हैं और स्नान ध्यान कर मां नर्मदा का पूजन अर्चन करते हैं इस बात का पुराणों में भी उल्लेख है कि पुण्य सलिला गंगा के स्नान से जो पुण्य मिलता है वही पुण्य माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से भी प्राप्त होता है। यही वजह है कि गंगा दशहरे के पर्व पर नर्मदा तटों पर लोग गंगाजल लेकर पहुंचे और जल अर्पित कर माँ गंगा का आव्हान किया और पूजन-अर्चना की।

ऐसी मान्यता है कि गंगा मैया लोगों के पाप धोते-धोते थक गयी तब माँ नर्मदा जी ने गंगा को आर्शीवाद दिया कि तुम साल में एक बार हमसे मिलकर पूरे पाप धो सकती हो और तभी से साल में एक बार गंगा दशहरा पर गंगा मैया नर्मदा से मिलने आती है।

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को श्रीगंगा दशहरा मनाया जाता है इस दिन मां गंगा शिव लोक से भगवान शिव की जटाओं से पृथ्वी पर पहुंची थीं, इसलिए इस दिन को श्रीगंगा दशहरा के रूप में जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन हस्त नक्षत्र में मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थीं, धर्मग्रंथों के अनुसार ऋषि भागीरथ के पूर्वजों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए उन्हें बहते हुए निर्मल जल की आवश्यकता थी। जिसके लिए उन्होंने माँ गंगा की कड़ी तपस्या की जिससे माँ गंगा पृथ्वी पर अवतरित हो सके। श्रीगंगा जी ने प्रसन्न होकर धरती पर अवतरित होने की बात मान ली, लेकिन उनका वेग इतना तीव्र था कि धरती पर आने से प्रलय आ सकता था,तब भागीरथ ने एक बार फिर तपस्या कर भगवान शिव शंकर जी से मदद की गुहार लगाई,भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं से होकर धरती पर जाने के लिए कहा ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन श्रीगंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हुई तब से वह दिन 'श्रीगंगा दशहरा' के नाम से जाना जाता है। माना जाता है माँ गंगा अपने साथ पृथ्वी पर संपन्नता और शुद्धता लेकर आई थी। तब से आज तक गंगा पृथ्वी पर मौजूद है। जिनका प्रवाह आज भी शिव जी की जटाओं से ही हो रहा है।

श्रीगंगा दशहरा के दिन जो भी व्यक्ति पानी में श्रीगंगा जल मिलाकर गंगा मंत्र का दस बार जाप करते हुए स्नान करता है, चाहे वो दरिद्र हो, असमर्थ हो वह भी गंगा की पूजा कर पूर्ण फल प्राप्त हो जाता है।



# अपने बच्चों की तरह पौधों का रखें ध्यान : चतुर सिंह लोधी

**भेड़ाघाट के पं.दीनदयाल स्मृति उद्यान में किया गया पौधा रोपण**

**जबलपुर।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशानुसार अमृत मित्र 2.0 पहल अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री के संबंध में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान का शुभांरभ पं.दीनदयाल स्मृति उद्यान में पौधा रोपण कर किया गया, जिसमें पौधा लगाने एवं पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम सिंह झारिया द्वारा दिलाई गई दरअसल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का अब सर्वसमाज पर असर देखने मिल रहा है जहां पर हर समाज वर्ग के लोग एक पौधा मां के नाम तो लगा ही रहे है खास कर विश्व पर्यावरण दिवस पर भी इसका असर नजर आया है क्योकि जबलपुर के विश्व प्रसिद्ध भेडाघाट में विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर परिषद भेड़ाघाट और स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पौधा रोप कर नर्मदा घाटों को स्वच्छ पर्यावरण रखने का संदेश दिया इसके साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने रोपे गए पौधों की देख भाल अपने बच्चो जैसी करने की सपथ ली।

### यह रहे मौजूद

पौधा रोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, आशीष जैन, उद्यान प्रभारी लक्ष्मीनारायण दुबे, अनुज सिंह, विजय कोरी, प्रिंसी नामदेव, डालचंद सेन, शुभम ठाकुर एवं स्व-सहायता समूहों की समस्त महिलाओं द्वाा भी पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### मोमिन ईदगाह गोहलपुर में ईदुज्जुहा की नमाज प्रातः 8 बजे होगी

**जबलपुर।** मोमिन ईदगाह ट्रस्ट गोहलपुर में 07 जून को प्रातः 08 बजे ईदुज्जुहा की नमाज पेश इमाम हाफिज मोहम्मद ताहिर की इमामत में अदा की जाएगी। मोमिन अंसार समाजी वेलफेयर मर्कजी पंचायत (सातों की कमेटी) और मोमिन ईदगाह एक्शन कमेटी जबलपुर के सदस्यगणों ने तमाम मुसल्लियान मोमिन ईदगाह से वक्त से पहले ईदगाह पहुंचने और नमाज के बाद बारगाहे इलाही में मुल्क की सलामी और अमनो अमन के लिए दुआ की अपील की है।

### तरनदीप सिंह नंदा को सर्वसम्मति से बनाया उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** पंजाब एजुकेशन सोसायटी रांझी के सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने



बताया की आज सर्वसम्मति से तरनदीप सिंह नंदा को उनकी सेवाओं के लिए निर्विरोध उपाध्यक्ष पद के लिए जयकारे बोले सो नेहाल के उद्घोष के साथ मनोनीत किया गया। पंजाब एजुकेशन सोसायटी रांझी के अध्यक्ष कमलजीत सिंह टीटू जग्गी, सचिव अमरजीत सिंह अलग, सह सचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, नंदा ब्रदर्स, हरदीप सिंह, कवलजीत सिंह सचदेवा, अमरजीत सिंह आहूजा, नंदा ब्रदर्स, निरभव निरवैर सेवक जत्थे एवं समूह सिख समाज की ओर से शुभकामनायें दी गयी।



### एनएसयूआई ने रादुविवि में लगाए पौधे

**जबलपुर।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आम, सिंदूर, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के 15 पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया व सभी नागरिकों से प्रकृति के प्रति संकल्पित होने की अपील भी की। इस मौके पर छात्रनेता अनुराग शुक्ला एवं शफी खान ने कहा कि पेड़ लगाने का एक मुख्य लाभ ये है कि वे हमें जीवन देने वाली आक्सीजन प्रदान करते हैं, आक्सीजन की उपस्थिति के बिना जीवित प्राणियों का अस्तित्व संभव नहीं है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपकुलसचिव अभयकांत मिश्रा, प्रकाश नाहर, राजेश यादव, प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम, अभिषेक सेठी, शफी खान, अनुराग शुक्ला, अमित सिंह, युग ठाकुर, तनिष्क शर्मा, अनिकेत तिवारी, मो. वकार सहित अन्य मौजूद थे।

### पौधे लगाकर किया अभियान का शुभारंभ



**जबलपुर।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशानुसार अमृत मित्र 2.0 पहल के अंतर्गत पौधारोपण अभियान "वूमेन फॉर ट्री" के संबंध में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान का शुभांरभ पं. दीनदयाल स्मृति उद्यान में पौधा रोपकर किया गया, जिसमें पौधा लगाने एवं पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम सिंह झारिया द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, आशीष जैन, उद्यान प्रभारी लक्ष्मीनारायण दुबे, अनुज सिंह, विजय कोरी, प्रिंसी नामदेव, डालचंद सेन, शुभम ठाकुर एवं स्व-सहायता समूहों की समस्त महिलाएं भी पौधारोपण कार्य में उपस्थित रहीं।

# श्रुत पंचमी महापर्व पर जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित



**जबलपुर।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज ससंघ के आशीर्वाद से एवं परम पूज्य आर्यिका रत्न ससंघ के निर्देशन में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्ड गंज शाखा (चंदना संभाग )द्वारा श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी ने बताया जिनवाणी सुरक्षा कार्यक्रम 10 दिवसीय एवं जिनवाणी सुरक्षा के लिए एक कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें रोज एक घंटा जिनवाणी माता की सेवा नहीं लगाना है आयोजित किया गया। जिसमें 40 प्रतिभागियों ने जिनवाणी सजाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता के नियमावली के अनुसार सजावट कर प्रस्तुत की गई। निर्णायिका प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती साधना बडकुल जी एवं माताजी के निर्देशन में प्रथम पुरस्कार ओस जैन द्वितीय शौर्या जैन परी जैन,तृतीय श्रेया जैन सुरभी जैन सात सांत्वना पुरस्कार अयांश जैन रश्मि जैन सराफा अभिलाषा जैन वर्धमान र्र्षिता जैन पलक जैन राजमती जैन सुलेखा जैन पुरस्कार प्रदान किए गए। श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर श्रुत संवर्धन एवं संरक्षण हेतु बहुत ही उपयोगी एवं शानदार प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समाज की महिलाओं एवं बेटियों ने बहुत ही रुचि एवं उत्साह से भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। जिन बहनों का निशा चौधरी जी कल्पना जैन जी शशि प्रभा जी सुनीता मैक्स जी मनीषा जैन की रीता जैन जी सुषमा सीटी आदि बहनों का संयुक्त प्राप्त हुआ।



### ओएफके और बैंक ऑफ इंडिया के मध्य हुआ एमओयू समझौता

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया के एफ़जीएमओ (म.प्र. OFK, ऑर्डिनेन्स फ़ैक्टरी खमरिया के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए छ.ग.) के महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव के जबलपुर दौरे के दरमयान कर्मचारियों के सैलरी खातों हेतु जबलपुर एवं बैंक ऑफ इंडिया के मध्य एमओयू समझौता हुआ। मंगलवार को ओएफ़के जबलपुर एवं बैंक ऑफ इंडिया के इस समझौते के दौरान ओएफ़के जबलपुर की ओर से चीफ़ जनरल मैनेजर शैलेश वागेरवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महाप्रबन्धक (MP & CG) संजय श्रीवास्तव, एफ़जीएमओ भोपाल एजीएम भँवर लाल हर्ष, जबलपुर आंचलिक प्रबन्धक रमेश कुमार एवं उप आंचलिक प्रबन्धक संतोष सहाय मौजूद रहे।

# बकरीद से पूर्व गौवंश हत्या व तस्करी पर हो कठोर कार्यवाही

### विहिप ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा पत्र



**जबलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद ने गौवंश रक्षा, राष्ट्र रक्षा हेतु बकरीद से पूर्व गौवंश हत्या व गौवंश तस्करी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही निश्चित करने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से गुहार लगाई है। बताया गया सम्पूर्ण देशवासी भलिभांति जानते हैं कि गौवंश हमारी सात्विक ऊर्जा, आर्थिक समृद्धि एवं आरोग्य का सर्वश्रेष्ठ स्त्रोत है, इसी दिव्य वैज्ञानिक आधार को देखते हुए विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा विभाग देश में बढ़ती गौवंश तस्करी व हत्याओं की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बकरीद के मौके पर मांग करता है कि राज्य सरकारें व स्थानीय पुलिस प्रशासन इन घटनाओं के विरुद्ध न सिर्फ कठोर कार्यवाही करें, बल्कि भविष्य में इनकी पुनरावृत्ति रोकने हेतु पूरी संवेदनशीलता के साथ समुचित कदम उठाएं। विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा विभाग ने मांग की है कि सभी राज्य सरकारें, पुलिस प्रशासन गौवंश हत्यारों के विरुद्ध कठोरता से स्वतः कार्यवाही करें जिससे गौरक्षकों को सड़कों पर आने मजबूर न होना पड़े। ज्ञापन के दौरान राहुल बर्मन, अमित जाट, टोनी शर्मा, संदीप, राजवीर राजपूत, बप्पी, अभय मिश्रा, मनोज प्यासी, अनूप पटेल, अंशुल, पवन, नंदन, मनीष जाट सहित अन्य उपस्थित रहे।



## निधन

**श्री रविशंकर श्रीवास्तव**-साईं बाबा मंदिर गेट नंबर 4 निवासी आकाशवाणी के लोकगीत गायक, एडवोकेट श्री रविशंकर श्रीवास्तव का 5 जून को हृदय गति रुकने के कारण स्वर्गवास हो गया। वे एडवोकेट धीरज श्रीवास्तव एवं एडवोकेट आनंद श्रीवास्तव के पिता थे। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।



**श्री विश्वनाथ प्रसाद तिवारी**- बिलपुरा कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री विश्वनाथ प्रसाद तिवारी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री ग्यारसी बाई कोल**- ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री कल्लू कोल की पुत्री सुश्री ग्यारसी बाई कोल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती देवी शर्मा**- खजरी खिरिया बायपास के निकट निवासी श्री बालेश्वर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी शर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई रजक**- कालीमठ आमनपुर निवासी श्री भागचंद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई रजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री डॉ. माया चंसोरिया**- सदर शिवाजी ग्राउंड के पास निवासी श्री ज्ञानचंद चंसोरिया की पुत्री सुश्री डॉ. माया चंसोरिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित चौधरी**- बाबा टोला निवासी श्री ललित चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तेज बाई साहू**- बृजमोहन नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री खर बहरा साहू की धर्मपत्नी श्रीमती तेज बाई साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुखई सतनामी**- सिद्धबाबा रोड बाबा टोला निवासी श्री सुखई सतनामी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोहन ठाकुर**- बिलहरी जनता स्कूल के पास निवासी श्री रोहन ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश लाल जयसिंघानी**- सुखसागर कॉलोनी गुलजार के सामने निवासी श्री रमेश लाल जयसिंघानी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक नायडू**- आजाद नगर गोकलपुर निवासी श्री अशोक नायडू (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय चौरसिया**- नेपियर टाउन निवासी श्री संजय चौरसिया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सपन कुमार बोस**- जीसीएफ कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सपन कुमार बोस (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई प्रजापति**- विजयनगर छापर रामपुर निवासी श्री राम अवतार प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई प्रजापति (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री इमरत गिरी गोस्वामी**- कटरा अधारताल निवासी श्री इमरत गिरी गोस्वामी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काशी बाईयादव**- गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री संपत लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती काशी बाई यादव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रवि शंकर सोनी**- महावीर नगर गीत विहार कॉलोनी पोलीपाथर निवासी श्री गोपाल प्रसाद सोनी के पुत्र श्री रवि शंकर सोनी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम कुमार बघेल**- टीसी कॉलोनी बिलहरी निवासी श्री श्याम कुमार बघेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसा बाई पासी**- होली चौक सदर निवासी श्री बंशीलाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई पासी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती पुरोहित**- गली नं. 4, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री संतोष पुरोहित की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती पुरोहित (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10×4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10×8 से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज 10×12 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण




**जबलपुर।** नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में 05 जून को स्थानीय शासकीय माध्यमिक शाला पोलीपाथर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों और महिलाओं द्वारा 10 आम, नीम और अशोक के पौधे लगाये गए। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव और शाला प्राचार्य श्री शर्मा सहित कौशल कबीर, संपति देवी, सुषमा चौधरी, उषा चौधरी, अनीता चौधरी, आरती गोयल, प्रभा चौधरी, सुनीता चौधरी, छोटीबाई, उर्मिला कोल, ज्योति चौधरी, ईशा चौधरी, कविता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पौधारोपण



**सिहोरा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत सिहोरा खितौला सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों,माइंस में बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

गांधीग्राम माइंस में पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के आव्हान पर तथा कलेक्टर दीपक सक्सेना,खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्डे के प्रमुख के पी सोनी जी के निर्देशन में विनोद श्रीवास्तव की गांधीग्राम स्थित माइंस में 201 पौधों को रोपित किया गया एंव वृक्षों को संरक्षित करनें का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विनोद श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, इंजीनियर अभय सिंह, अंकित शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, शुभम चौरसिया, श्याम चौरसिया, राजेश चौरसिया, शाहिल यादव, अजय पाठक, नितेश पांडे आदि उपस्थित थे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मॉ के नाम के अंतर्गत सागर स्टोन इंडस्ट्रीज,मेसर्स शोभा मिनरल्स धमकी,शोभा मिनरल्स केवलारी,आर एम जी सुपर माइन्स धमदा,नारायण मेटल्स गोसलपुर, श्री सॉई इण्डस्ट्रीज धमदा,शर्मा माइन्स एण्ड मिनरल्स सिन्दुरसी,शर्मा ओर्स एण्ड मिनरल्स मनसकरा, में संस्था के संचालक नितिन शर्मा के निर्देशन में बृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सभी पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./2304/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका श्री/श्रीमति अनीता तिवारी पिता/पति स्व. मनोज कुमार निवासी-कृष्णा होम्स मंडला रोड तिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम कजारवारा प.ह.नं. 23/27 नं. ब.- ख.नं. 127, 128/2, 131/1, 131/2, 128/1 का भाग रकबा 1250 वर्गफुट हेक्टेयर / वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र / वसीयतनामा / सहमति पत्र / फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अत: उक्त भूमि आवेदक / आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति / एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/06/25 को जारी।
जारी दिनांक -03/06/2025
पेशी दिनांक-13/06/2025
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार रांझी एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी जबलपुर

# मई में सब्जियों के दाम घटने से घर का बना खाना हुआ सस्ता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सब्जियों के दाम कम होने से मई महीने में घर का बना खाना थोड़ा सस्ता हो गया। इस दौरान शाकाहारी भोजन के मुकाबले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट रही। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

- शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपए हो गई

क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के मुताबिक, घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई जबकि इस साल अप्रैल में इसकी कीमत 26.3 रुपये और पिछले साल मई में 27.8 रुपये थी। पिछले महीने मांसाहारी थाली के मामले में गिरावट ज्यादा तेजी से कम होकर 52.6 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 55.9 रुपये थी।

## शाकाहारी के बदले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट

### टमाटर, प्याज व आलू में गिरावट से शाकाहारी थाली रही सस्ती

शर्मा ने कहा कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण निर्यात किए जाने वाले चावल की मात्रा में 20-25 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में थाली की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण टमाटर की कीमतों में 29 प्रतिशत, प्याज में 15 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट को बताया गया है।



### आलू व टमाटर की कीमतों में रही तेजी

आयात शुल्क में वृद्धि और घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में छह प्रतिशत की वृद्धि होने से घरेलू थाली के दाम में अधिक गिरावट नहीं आई। अप्रैल की तुलना में मई के दौरान आलू के दाम में तीन प्रतिशत और टमाटर में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि प्याज की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

### संक्रमण से आलू की कीमतें बढ़ी

पिछले साल कम पैदावार से जुड़ी चिंताओं के कारण टमाटर की कीमतों में तेजी देखी गई थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में फसल के संक्रमण से आलू की कीमतें बढ़ गई थीं, जबकि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक में रकबे और पैदावार में कमी के अलावा पानी की उपलब्धता ने भी प्याज की कीमतों को बढ़ा दिया था।

*मांसाहारी थाली 53.9 रुपए की थी :* *वहीं अप्रैल 2025 में मांसाहारी थाली 53.9 रुपये की थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, /"आगे चलकर मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में वृद्धि की संभावना है और मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में थोड़ी नरमी की उम्मीद करते हैं।/"*

*ब्रॉयलर की कीमतें छह फीसदी घटी :* *मांसाहारी थाली की लागत में कमी ब्रॉयलर (मुर्गे) की कीमतों में छह प्रतिशत कमी आने से आई है। ब्रॉयलर की मांसाहारी थाली में कुल लागत का 50 प्रतिशत भारांश होता है। मुर्गे की कीमत में नरमी का कारण महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बर्ड फ्लू की रिपोर्ट के बीच आपूर्ति अधिक होना और मांग में कमी आना है।*

### रियल एस्टेट के शीर्ष निकाय क्रेडाई व नारेडको का कहना

# रियल एस्टेट कंपनियों को रेपो दर में कम से कम 0.25 फीसदी कटौती की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जतायी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को बैठक के फैसले की घोषणा करेंगे। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी।"उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती होनी चाहिए।

## रेपो रेट में कटौती से मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी







### तीन माह से आवास की मांग धीमी

पटेल ने कहा, "पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।"

### रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण चालक

नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

### मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना होगा आसान

अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, "आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है, तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा। मासिक किस्त कम होगी तो लोगों के लिए निर्णय लेना भी आसान होगा। इससे बाजार में फ्लैट की मांग में वृद्धि आ सकती है।"

### विभिन्न क्षेत्रों को राहत मिलेगी

कृष्णा समूह और कृसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने कहा, "आरबीआई ने अपनी पिछली नीति समीक्षा बैठक में उदार रुख अपनाया था और उम्मीद है कि हम फिर से कटौती देखेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को और राहत मिलेगी।"

### एक फीसदी कटौती भी काफी बचत दिला सकती है

एआरआईपीएल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कौशिक ने कहा, "रेपो दर में केवल एक प्रतिशत की कटौती भी 20 साल के आवास ऋण पर ग्राहकों को अच्छी-खासी बचत दिला सकती है। यह बचत घर खरीदारों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन बनती है। इससे न केवल वे तेजी से निर्णय लेते हैं, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में उनका भरोसा भी मजबूत होता है।

# ईवी ढांचे के लिए नौ अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सेविल्स इंडिया ने जारी की एक रिपोर्ट
- 2030 तक 6900 एकड़ भूमि की जरूरत होगी

इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण, लिथियम-आयन बैटरी उत्पादन और सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 2030 तक करीब 6,900 एकड़ भूमि और नौ अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी।

रियल एस्टेट परामर्शदाता सेविल्स इंडिया ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बाजार ताकतों, सरकारी नीतियों, पर्यावरण संबंधी बढ़ती चिंताओं और ईंधन की बढ़ती लागत इसकी मुख्य वजह है।


सरकार ने ईवी अपनाने में तेजी लाने और सहायक परिवेश को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं। सलाहकार ने कहा, '' 2030 तक भूमि अधिग्रहण और ईवी विनिर्माण, लिथियम-आयन बैटरी उत्पादन और सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन के लिए सुविधाओं के विकास के लिए 7.5 से नौ अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी।' ईवी को काफी अधिक अपनाने के परिदृश्य में आवश्यक निवेश नौ अरब अमेरिकी डॉलर होगा जबकि मध्यम स्तर पर अपनाए जाने पर 7.5 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि 2030 तक ईवी विनिर्माण, लिथियम-आयन बैटरी संयंत्रों और सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के लिए 5,760 से 6,852 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

*कई रियल एस्टेट खंड़ों की जरूरत होगी :* *श्रीनिवास ने कहा कि ईवी की बढ़ती मांग से कई रियल एस्टेट खंडों की आवश्यकता बढ़ेगी। इसमें ईवी व बैटरी विनिर्माण, ईवी 'असेंबली' इकाइयों और ईवी घटकों एवं बैटरियों के भंडारण तथा वितरण को समर्थन देने के लिए औद्योगिक और गोदाम स्थान शामिल हैं।*

*2030 तक ईवी की बिक्री 3.18 करोड़ इकाई होगी :* *सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नीति आयोग और रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट के अनुमानों के अनुसार, भारत में ईवी बिक्री 2030 तक 2.53-3.18 करोड़ इकाई तक पहुंच जाएगी।*

# सेल ने पिछले साल चुकाया 750 करोड़ रुपए का कर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- आगे और कमी लाने की योजना

देश की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल पिछले साल अपने बकाया कर्ज में से करीब 750 करोड़ रुपये की कटौती करने में सफल रही और वह आगे इसमें और कमी लाने की योजना बना रही है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) अशोक कुमार पांडा ने कंपनी के वित्तीय नतीजों पर एक विश्लेषक चर्चा के दौरान कहा कि सेल पर फिलहाल करीब 26,800 करोड़ रुपये का कर्ज है। पांडा ने कहा, /"हम इस वित्त वर्ष में इस कर्ज को और कम करने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल भी हमने लगभग 750 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया था।/" उन्होंने कहा कि आगे पूंजीगत व्यय बढ़ने पर कंपनी दो-आयामी दृष्टिकोण अपनाएगी जिसमें लाभप्रदता बढ़ाने की कोशिश के साथ कोष जुटाने के लिए उपलब्ध अन्य साधनों को इस्तेमाल किया जाएगा।

सेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय लक्ष्य रखा है। इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपनी कुल स्थापित क्षमता को मौजूदा दो करोड़ टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 3.5 करोड़ टन प्रति वर्ष करना चाहती है।

### विस्तार के लिए संयंत्रों पर ध्यान

पांडा ने कहा, /"विस्तार के लिए हम शुरुआत में विभिन्न संयंत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसकी शुरुआत आईएसपी, आईआईएससीओ इस्पात संयंत्र में निविदा जारी करने से हो रही है।/"


# मारुति ने रेलवे के जरिए 5.18 लाख वाहन भेजे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रेलवे के जरिये सर्वाधिक 5.18 लाख वाहन भेजे। कार बाजार की अग्रणी कंपनी ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2014-15 से अभी तक भारतीय रेलवे के जरिये करीब 24 लाख वाहन भेजे गए हैं।

- वर्ष 2014-15 से 24 लाख वाहन भेजे गए

वाहन विनिर्माता ने कहा कि वर्तमान में भारतीय रेलवे के जरिये 20 से अधिक केंद्रों में वाहन भेजे जाते हैं। इससे समूचे भारत में 600 से अधिक शहरों में सेवा दी जाती हैं। कंपनी द्वारा निर्यात के लिए उपयोग किए जाने वाले मुंद्रा और पीपावाव के बंदरगाह स्थानों को भी रेलवे के माध्यम से सेवा दी जाती है। एमएसआई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, '' कार्बन उत्सर्जन को कम करना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है...उत्पादों तथा परिचालन दोनों स्तर पर। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2013 में 'ऑटोमोबाइल-फ्रेट-ट्रेन-ऑपरेटर लाइसेंस' हासिल करने वाली भारत की पहली कंपनी थी।



### वाहन प्रेषण की हिस्सेदारी बढ़ाकर 35 फीसदी होगी

ताकेउची ने कहा, '' तब से, हमने रेलवे के जरिये करीब 24 लाख वाहन भेजे हैं। वित्त वर्ष 2030-31 तक, हम रेलवे के माध्यम से वाहन प्रेषण की हिस्सेदारी बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने की योजना बना रहे हैं। मारुति सुजुकी वर्तमान में 40 से अधिक 'फ्लेक्सी डेक रेक' संचालित करती है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता प्रत्येक यात्रा पर करीब 300 वाहन ले जाने की है।

# विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स 444 अंक चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ।

# चांदी 2,000 रुपए उछलकर 1.04 लाख रुपए प्रति किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 430 रुपए चमका

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक संकेतों के अनुरूप सोने की कीमतों में भी 430 रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

सोना और चांदी में लगातार चौथे सत्र में मजबूती रही। स्थानीय बाजारों में चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी की कीमत नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस तेजी को उच्च औद्योगिक मांग, मुद्रास्फीति जोखिम से बचाव के रुख और सीमित वैश्विक आपूर्ति आदि से समर्थन मिला। इससे पहले, 19 मार्च को चांदी ने अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 430 रुपये बढ़कर 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

## नाल्को विस्तार की योजना को बरकरार रखेगा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) ने 'स्मेल्टर' विस्तार के लिए 30,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय योजना को टाला नहीं गया है और यह तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने यह स्पष्टीकरण मीडिया में आई उस खबर के बाद दिया जिसमें दावा किया गया था कि नाल्को ने रियो टिंटो कनाडा के 30,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय को स्वीकार करने से इनकार किया है। नाल्को प्रबंधन ने शेयर बाजार को दी जानकारी में खबर का खंडन किया। कंपनी सूचना के अनुसार, 'स्मेल्टर' विस्तार और विभिन्न विन्यासों के लिए बिजली की आवश्यकता के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा पर विचार किया जा रहा है।

## आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकेगा

# होटल उद्योग पर सही जानकारी देगा एआई 'नमस्ते'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।


- आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होगी

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओवी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया।

**संचालन के तरीके को बदला जा सकेगा :** इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो। आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है।

### नमस्ते जीपीटी सामान्य चैटजीपीटी से अलग

बोस ने दावा किया कि 'नमस्ते जीपीटी' सामान्य चैटजीपीटी और अन्य एआई मंचों से अलग है क्योंकि यह विशेष रूप से केवल आतिथ्य-आधारित सवालों के ही जवाब देता है और इसकी जानकारी 'प्रामाणिक' है। 'नमस्ते जीपीटी' फिलहाल सार्वजनिक पंजीकरण के लिए नहीं खुला है। लेकिन आतिथ्य शिक्षा उद्योग के प्रमुख हितधारकों और सदस्यों को धीरे-धीरे इसकी पहुंच मुहैया कराई जाएगी।




### अविश्वसनीय सहायक साबित होगा

'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य क्षेत्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा।

### समय को आधे से भी कम कर देगा

इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा। 'नमस्ते जीपीटी' परियोजना से जुड़े लोगों का कहना है कि यह इंटरनेट की व्यापक दुनिया से सूचनाएं जुटाने की जगह विशिष्ट संस्थानों एवं पेशेवर निकायों से जुटाए गए आंकड़ों, शोध एवं जानकारी का गहन विश्लेषण करता है।

## कार्यालयों में काम करने वाले लोगों की नियुक्ति 22% बढ़ी



**मुंबई।** देश में कार्यालयों में काम करने वाले लोगों की नियुक्ति में मई में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। फाउंडिट इनसाइट्स ट्रैकर (एफआईटी) की रिपोर्ट के अनुसार, दफ्तरों में काम करने वाले (व्हाइट कॉलर) लोगों की नियुक्ति में मासिक आधार पर मई में मामूली दो प्रतिशत की वृद्धि ने हालांकि भर्ती की गति में अस्थायी नरमी का संकेत दिया है। सालाना आधार पर वृद्धि की प्रमुख वजह उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र रहा जिसमें भर्ती में 70 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## खबर संक्षेप

### पावर ग्रिड ने एमईएल पावर का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बृहस्पतिवार को पीएफसी कंसल्टिंग से एक विशेष उद्देश्य के लिए बनायी गई इकाई एमईएल पावर ट्रांसमिशन का अधिग्रहण करने की घोषणा की। इसमें 558 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन की अनुषंगी कंपनी है।

### प्रॉक्टर एंड गैम्बल का लाभ 31% बढ़कर 61 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रॉक्टर एंड गैम्बल हेल्थ लि. का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़कर 61 करोड़ रुपये रहा। पीएंडजी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मार्च तिमाही में कंपनी की बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 304 करोड़ रुपये रही है। ब्रांड निर्माण गतिविधियों और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला व बाजार पहुंच क्षमताओं के कारण उसका प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

### रुपया सात पैसे बढ़कर 85.80 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 85.80 पर बंद हुआ। मजबूत शेयर बाजार तथा एशियाई मुद्राओं में आई तेजी से रुपये में दो दिनों से चली आ रही गिरावट पर विराम लगा। मजबूत अमेरिकी डॉलर सूचकांक ने रुपये की की तेजी पर लगाम लगाया।

### सरकार ने एसईजेड के लिए मानदंड़ों में कुछ ढील दी



**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए समीपस्थ भूमि क्षेत्र मानदंडों में ढील दी है, जो विशेष रूप से सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण में संलग्न होना चाहते हैं। खासतौर पर अर्धचालक या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण के लिए स्थापित किया जाता है, वहां संलग्न भूमि क्षेत्र दस हेक्टेयर या उससे अधिक होगा।

### टीवीएस मोटर ने वेणु को किया चेयरमैन नियुक्त



**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी के निदेशक मंडल ने सुदर्शन वेणु को चेयरमैन नियुक्त किया है। टीवीएस मोटर कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि 25 अगस्त से वेणु को चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया जाएगा। वेणु वर्तमान चेयरमैन राल्फ स्पेथ की जगह लेंगे।

### जितेंद्र व परिवार ने मुंबई में 855 करोड़ की जमीन बेची



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जितेंद्र कपूर और उनके परिवार के स्वामित्व वाली कंपनियों पैंथियन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड और तुषार इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई के अंधेरी में कुछ निर्मित क्षेत्र के साथ जमीन 855 करोड़ रुपये में बेचे हैं। रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर याइर्स ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, '' इस लेन-देन के कुल 9,664.68 वर्ग मीटर (0.96 हेक्टेयर या 2.39 एकड़) क्षेत्रफल में फैले दो समीपवर्ती भूखंड शामिल थे।

चिंतन

# भगदड़ के गुनहगारों को कड़ी सजा मिले

जीत के जश्न ने गहरा जख्म दे दिया है, उन 11 परिवारों को, जिनके वे अपने कभी लौट कर नहीं आएंगे, जिनकी भगदड़ में मौत हो गई। अब चाहे कर्नाटक सरकार, आयोजक, आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) प्रबंधन और पुलिस प्रशासन जो भी तर्क दें, दलील दें, सफाई दें, लेकिन जिनकी जान गई है, उनके परिवारों की भरपाई नहीं की सकती है। आईपीएल के 18 वर्ष की यात्रा में आरसीबी की पहली ट्रॉफी जीत का जश्न मनाने के लिए फाइनल के अगले दिन ही बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की जल्दबाजी राज्य के कांग्रेस नेताओं की उस राजनीतिक तत्परता को दिखाती है, जिसमें श्रेय लेने व पब्लिक सेंटिमेंट के माहौल का सियासी फायदा उठाने की कुत्सित भावना होती है। कायदे से विवेचित किया जाए तो, कर्नाटक सरकार, पुलिस प्रशासन से लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) व आरसीबी प्रबंधन तक सभी इस भगदड़ के लिए बराबर के जिम्मेदार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निहायत ही निजी प्रतियोगिता है, इसका सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। यह बीसीसीआई का पेशेवर लीग है, जिसमें सबकुछ क्रय-विक्रय के आधार पर तय है। आरसीबी की जीत न कर्नाटक राज्य की जीत है, न कांग्रेस की जीत है, न कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की जीत है व न ही कर्नाटक की जनता की विजय है, केवल और केवल आरसीबी टीम व उसके पीछे लगे निवेशकों की जीत है, फिर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के पदेन लोग किस हैसियत से जीत के जश्न में शामिल हो रहे थे? सरकार ने जनसुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं की? जश्न मनाने की इतनी जल्दबाजी क्यों थी? आरसीबी प्रबंधन ने संभावित खतरे को क्यों नहीं भांपा? प्रशंसक ही किसी खेल और टीम के उत्साह को बढ़ाते हैं, तो टीम प्रबंधन ने प्रशंसकों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया? बेंगलुरु में भगदड़ घटना के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार कर्नाटक की मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सरकार और बेंगलुरु के पुलिस प्रशासन हैं, जिसने भीड़ की सुरक्षा के सभी नियमों को ताक पर रखकर ऐसे कार्यक्रम को होने दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से मौत और घायल होने के मामले में कारणों की स्थिति रिपोर्ट पेश करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया है। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य को नोटिस जारी करके 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया है। बेंगलुरु में क्यूब्बन पार्क पुलिस स्टेशन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों पर संबंधित कानूनी प्रावधानों की धारा 105, 125(1)(2), 132, 121/1, 190 और 3(5) के तहत आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की ईमानदारी से जांच होनी चाहिए और घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। यह स्वाभाविक हादसा नहीं है, बल्कि मानव नियोजित हादसा है, जिससे बचा जा सकता था। जश्न मनाने का तरीका केवल पब्लिक गेदरिंग ही नहीं है। जश्न के बहाने राजनीति साधने की मंशा भी गलत है। सभी सबक लें। जन सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध हो। प्रशसंकों और नागरिकों का भी अपना विवेक होना चाहिए कि वे अपनी जान जोखिम में डाल कर भीड़ का हिस्सा न बनें।



विश्लेषण
डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

भारत के पड़ोस में स्थित बांग्लादेश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। यह राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं और भारत देश के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

# अस्थिर बांग्लादेश भारत के लिए चुनौती

भाषा, सांस्कृतिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, शिक्षा, मानवाधिकार और लोकतंत्र की बुनियाद पर टिके बांग्लादेश का भविष्य कट्टरपंथ के अंधेरे में घिरता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के पड़ोस में स्थित यह देश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। जमात-ए-इस्लामी राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है जो समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी सेवाओं को पहुंचाकर व्यापक प्रभाव कायम कर चुका है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और देश की न्यायपालिका के जमात-ए-इस्लामी को मजबूत करने वाले फैसलों से बांग्लादेश की विविधता के खत्म होने की आशंका गहरा गई है।

दरअसल जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान से बांग्लादेश के अलग होने का विरोध करती रही है और यही कारण है कि एक राजनीतिक दल के रूप में इसके प्रभाव को रोकने के लिए इसे वैधानिक रूप से प्रतिबंधित रखा गया था। अब बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जमात-ए-इस्लामी पर से वह प्रतिबन्ध हटाने के साथ ही यह सुनिश्चित हो गया है कि आगामी आम चुनावों में यह कट्टरपंथी दल एक मजबूत दावेदार के रूप में भागीदारी करेगा और यह स्थिति बांग्लादेश के साथ ही भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का संकट बढ़ा सकती है। जमात-ए-इस्लामी के उद्देश्य बेहद स्पष्ट हैं, पाकिस्तान से मजबूत संबंध तथा बांग्लादेश में इस्लामिक मूल्यों पर आधारित व्यवस्था की स्थापना करना। इस संगठन के कई सहयोगी उप-संगठन हैं, जो विभिन्न सामाजिक, छात्र, महिला और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। ये उप-संगठन अक्सर जमात की विचारधारा को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। जमात-ए-इस्लामी की राजनीतिक विचारधारा इस्लामी धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसके संस्थापक नेता अबुल-अला-मौदूदी इस्लामी सरकार और शरिया क़ानून की वकालत करते थे। ऐसा माना जाता है कि जमात-ए-इस्लामी के सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों से देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों, सेना और प्रशासन में इसकी पैठ है। इसका फायदा राजनीतिक परिणामों में जनसमर्थन के रूप में व्यापक रूप से देखने को मिल सकता है। 1971 में बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आने के बाद धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को लेकर यह देश हमेशा आलोचना में रहा है। हालांकि शेख हसीना के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने की कोशिशों को व्यापक सफलता मिली थी।

इन सबके बीच जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों ने देश में हिन्दू, बौद्ध और ईसाईयों को निशाना भी बनाया है। जमात-ए-इस्लामी को कुछ कट्टरपंथी और आतंकी संगठनों का भी समर्थन हासिल रहा है जिसमें जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश या जेएमबी तथा हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी बांग्लादेश या हूजी प्रमुख हैं। हूजी का पाकिस्तान से गहरा संबंध है, इसका गठन 17



बांग्लादेशी मुजाहिदीन द्वारा किया गया था, जो कथित तौर पर अल-कायदा से वित्तीय मदद लेकर अफगानिस्तान से लौटे थे। हूजी का उद्देश्य युद्ध छेड़कर और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों की हत्या करके देश में इस्लामी शासन स्थापित करना है। यह ओसामा बिन लादेन और तालिबान से प्रेरणा लेता है। एक समय में, इसने एक नारा जारी किया था, अमरा सोबाई होबो तालिबान, बांग्ला होबे अफगानिस्तान अर्थात हम सभी तालिबान बनेंगे और हम बांग्लादेश को अफगानिस्तान में बदल देंगे। भारत के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी 2007-2008 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत में आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और बांग्लादेश स्थित हूजी की भूमिका को स्पष्ट किया था।

इन तीनों संगठनों से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। हूजी के पूर्वोत्तर के राज्यों के कई अलगाववादी संगठनों से संबंध रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी हूजी के भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, चेचन्या, उज्बेकिस्तान, मयांमार, बांग्लादेश, ईरान, मलेशिया, फिजी, आयरलैंड, यूके, यूएस, फिलीपींस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक आतंकी समूहों से सम्बन्ध सामने आये हैं। जनवरी 2009 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना का कार्यकाल रहा था। उनके 15 साल के प्रधानमंत्रित्व काल में कट्टरपंथी और आतंकी समूहों पर लगाम लगाई गई जिसका फायदा भारत को भी लगातार मिला। इस समय भारत और पाकिस्तान के सम्बन्ध बेहद खराब है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर तनाव है। कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर भारत को चीन की नित नई चुनौतियां मिल रही हैं।

बांग्लादेश के अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस भारत विरोधी ताकतों से लगातार हाथ मिला रहे हैं। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमाएं सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील मानी जाती हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में इस समूचे क्षेत्र में भारत विरोधी शक्तियों को न केवल सख्ती से रोक दिया गया था बल्कि उन पर कड़ी कार्रवाई भी की गई थी। लेकिन अब स्थितियां पूरी तरीके से बदल चुकी हैं। मुहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान और चीन के साथ मिलकर भारत को सामरिक रूप से चुनौती देने वाले कई कार्य किए हैं। भारत बांग्लादेश में किसी लोकप्रिय सरकार के सत्ता में आने का इंतजार कर रहा है जिससे दोनों देशों के संबंध सामान्य और मजबूत हो सकें। वहीं बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का प्रभाव बेहद बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है जो भारत विरोध के रूप में बार-बार सामने आ रहा है। जमात-ए-इस्लामी पर से प्रतिबन्ध हटने से भारत विरोध और अल्पसंख्यकों पर अत्यचारों में तीव्रता आ सकती है। बांग्लादेश में इस समय जिस तरह से अस्थिर और अप्रत्याशित राजनीतिक हालात बन गये हैं, उससे शेख हसीना की अवामी लीग का सत्ता में लौटना मुमकिन नहीं लगता।

अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आपराधिक मुकदमें दर्ज कर उनकी पार्टी अवामी लीग को भी अप्रासंगिक बना दिए जाने की सरकारी कोशिशें अंतरिम सरकार के द्वारा लगातार की जा रही हैं। स्वाभाविक तौर पर इसका फायदा जमात-ए-इस्लामी को मिल सकता है। आम चुनावों में जमात-ए-इस्लामी सत्ता में आ सकती है या सत्ता में मजबूत भागीदार हो सकती है। इन दोनों संभावनाओं में बांग्लादेश को संविधानिक परिवर्तनों से गुजरने की आशंकाएं बढ़ सकती हैं जो अंततः इस देश को तालिबान आधारित सत्ता की ओर धकेल देगी। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं, भारत के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
विकेश कुमार बडोला




# बदलनी होगी मानवनिर्मित आपदाओं की मानसिकता

अधिक जनसंख्या का भिन्न-भिन्न आधारों पर समर्थन करने वाले लोगों के लिए बेंगुलरू में भगदड़ में 11 लोगों की मृत्यु पुनः यही संदेश प्रसारित कर रही है कि अधि जनसंख्या कभी भी कल्याणकारी नहीं होती है। आईपीएल की अंतिम व निर्णायक प्रतियोगिता में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की विजय का उत्सव मनाने चिन्नास्वामी स्टेडियम के समीप अत्यधिक संख्या में एकत्र समर्थकों द्वारा उत्पन्न भगदड़ में मरे, घायल व सार्वजनिक अशांति के कारक भीड़ में जीवित लोगों की मानसिकता पर सच कहूं तो उनके प्रति मानवीय संवेदना नहीं है। यह कैसा उत्सवी आयोजन है! यह क्या मूर्खता है! जिनकी विजयी हुई है वे खिलाड़ी, खिलाड़ियों के स्वामी, खेल के साथ व्यावसायिक व अन्य कारणों से जुड़ी हुईं सभी इकाइयां और समूह सभी सुरक्षित हैं। वे क्रिकेट-क्रीड़ा में प्राप्त विजय और अर्जित धन-संसाधन से हर्षोल्लासित हैं। उन्हें कोई व किसी प्रकार की शारीरिक, आर्थिक, व्यावसायिक तथा अन्य हानि नहीं हुई है। तो साधारण व्यक्तियों के पास सार्वजनिक रूप में विशाल संख्या के साथ एकत्र होकर इतनी उत्सवी अधीरता दिखाने का क्या मूर्खतापूर्ण विचार है, जो उन्हें इतना सोचने का समय भी नहीं देता कि इससे अंततः उनमें से कुछ को मृत्यु और कायिक घावों के अतिरिक्त क्या मिला। दुनिया के अनेक युद्धों, प्राकृतिक विपदाओं, आपदाओं, बाढ़, अतिवृष्टि में प्रतिदिन हजारों लोग मर रहे हैं। अपने देश को उदाहरण स्वरूप सम्मुख रख देखें और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के आतंकी हमले में दिवंगत 26 व्यक्तियों की मृत्यु को एक मानक बनाकर चलें तो तब से लेकर अब तक भारत में आतंकी हमलों, पाक सेना के थल व वायु सैन्य हमलों, प्राकृतिक आपदाओं, बिजली गिरने, विषैली मदिरा के पान, सड़क दुर्घटनाओं, कोरोना रोग, हत्या, आत्महत्या, कुपोषण, रोग, बेंगलुरू की भगदड़ तथा अन्य कारणों से हजारों लोग मर चुके हैं। वास्तव में यही विज्ञान एवं आधुनिकता का अभिशापित पक्ष है। इस पक्ष की विसंगतियों में वृद्धि होते ही लोगों के जीवन पर सीधे-सीधे मानव निर्मित मृत्यु का संकट मंडराने लगता है। प्रत्यक्ष दोष विज्ञान एवं आधुनिकता का भी नहीं है। दोष है मानवीय अज्ञानता, अविवेक, अधीरता, असंतोष से भरे हुए अहंकार एवं स्वार्थ का। दोषी है स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझने वाला मानवीय स्वभाव। जब देश-दुनिया के सार्वजनिक जीवन में अहंकार के प्रदर्शन में वृद्धि होगी तथा नम्रता व विनम्रता के नेतृत्व में संचालित मानवीयता के समग्र सकारात्मक पक्षों, सद्गुणों एवं सदप्रवृत्तियों में तीव्र कमी होगी, तो किंचित ऐसा ही विघटन होगा। दुनिया की वर्त स्थितियों-परिस्थितियों को देखने का यह एक एकल दृष्टिकोण है। यह दृष्टिदर्शन केवल पृथ्वी के मानवीय अस्तित्व के साथ जुड़कर सार्वजनिक घटन-विघटन, अच्छाई-बुराई, घटना-दुर्घटना और लाभ-हानि का आकलन करता है। जबकि पृथ्वी पर ऐसा होने-घटने के आधारभूत कारक ब्रह्माण्ड की किसी पारिस्थितिकीय शक्ति से जुड़े होते हैं। जो ऐसा मानते हैं, वे धर्मभीरू हैं और ईश्वर के अस्तित्व के समक्ष हर संभव उच्च भाव के साथ नतमस्तक अवस्था में होते हैं। विभिन्न प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदायें होने-घटने की योजनायें मानवीय कर्मों के आधार पर पूर्वनिर्धारित हैं। इन्हें कोई व कैसा भी भौतिक विज्ञान रोक नहीं सकता है। प्रकृतिजन्य एवं मनुष्यजन्य आपदाओं की निरंतर वृद्धि ने सिद्ध कर दिया है कि अधिक जनसंख्या यदि मानवीय दुर्गुणों से युक्त होगी, तो वह बैठे-बिठाये ही मनुष्यनिर्मित आपदाएं उत्पन्न करने का कारक बनेगी। हमें मानवनिर्मित आपदाओं में प्राण गंवाने वालों के स्थान पर स्वयं और अपने प्रियजनों को रखकर विचार करना चाहिए कि यदि हम या हमारे प्रियजन ऐसे यूं प्राण गंवाते और देश के जीवित प्रतिष्ठित, विशिष्ट व साधारण जन हमारी दुःखद मृत्यु की उपेक्षा कर हमें भूल जाते तो फिर हमारे होने या न होने का क्या मूल्य होता। देश को प्रयास करने होंगे कि लोग सर्वप्रथम अपने भौतिक-कायिक अस्तित्व का मूल्य समझें। शासन-प्रशासन को भी साधारण लोगों के अस्तित्व को विशिष्ट मान उसकी सुरक्षा के नवीन कार्यक्रम बनाकर उनका दैनिक कठोर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। अब यह लोकतांत्रिक धारणा भी प्रस्थापित करनी होगी कि जब तक साधारण व्यक्ति को मानसिक-शारीरिक रूप से उच्च सुरक्षा प्रदान नहीं की जायेगी, तब तक विशिष्ट व्यक्तियों की विशिष्टता और बौद्धिकता का कोई व कुछ भी मूल्य नहीं होगा। चाहे जो हो, शासन को मानवनिर्मित आपदाओं की सबसे बड़ी कारक सार्वजनिक अविवेकी मानसकिता में निरंतर सकारात्मक व विवेकपूर्ण परिवर्तन लाना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संबंध मजबूत रखने के लिए इन बातों की गांठ बांधें



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं।

## सटाका




### आज की पाती

#### शादी नहीं, ठगी का धंधा

भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है, जहां दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है : 'अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी।' हिसार पुलिस ने हाल ही में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो विवाह के नाम पर लोगों को ठगने का कारोबार चला रहा था। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*- निर्मल अवस्थी, कांकेर*

## करंट अफेयर

### वियतनाम ने दो बच्चों की नीति को किया खत्म



वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम की सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है: 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे अपने छह वर्षीय बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

## ऑफ बीट

### संतान पालने को मजबूत साझेदारी बनाते हैं पक्षी



कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोंसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं। छोटे आकार की इस चिड़िया की सबसे लंबी साझेदारी 15 साल दर्ज की गई है। हालांकि, इन वार्बलर के लिए भी पारिवारिक जीवन हमेशा सही नहीं होता। सभी वार्बलर जोड़ों में से, लगभग सात में से एक (14 प्रतिशत) अलग हो जाते हैं। इन मामलों में, माता-पिता में से एक अपना क्षेत्र छोड़ देता है और अन्यत्र नया साथी ढूंढ़ता है, जबकि उनके मूल घोंसले में अब भी अंडा या नवजात बच्चा मौजूद होता है। हमने उन पक्षियों के बच्चों के तनाव के स्तर को मापा जो अपने माता-पिता के रिश्ते के खत्म होने से ठीक पहले पैदा हुए थे।

## ट्रेंड

### सिंदूर का पौधा



साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल कच्छ की वीरांगनाओं ने हाल ही में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज मुझे उस पौधे को नई दिल्ली के प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### पर्यावरण सुरक्षा जरूरी



पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज पूरी दुनिया मे चिंता है। पर्यावरण बचेगा, जंगल, पेड़-पौधे, नदियां बचे रहेंगे तो मानव जीवन भी संरक्षित रहेगा। झारखण्ड के नाम से ही एक चित्र आंखों के सामने आता है कि जंगल, नदी, पहाड़ से भरा यह राज्य है।

- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखण्ड

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ



पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने और पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की सामूहिक शपथ ली। आइए प्रदूषण को कम करने और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों। हर कार्य मायने रखता है।

- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश

### प्राकृतिक उत्पादों का चयन



प्लास्टिक का बुद्धिमानी से उपयोग व टिकाऊ, प्राकृतिक उत्पादों का चयन करना चाहिए। अगर हम प्लास्टिक का दोबारा उपयोग करने या उसे नकारने का संकल्प लें, तो दुनिया एक बेहतर जगह बन जाएगी।

- श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# नमन पर्यावरण संरक्षक

## संरक्षण के लिए संसाधन नहीं...संकल्प की जरूरत



पर्यावरण संरक्षण के लिए संसाधन नहीं चाहिए । पर्यावरण संरक्षण के लिए सुविधाएं भी नहीं चाहिए। संरक्षण के लिए चाहिए संकल्प और सृष्टि के प्रति संवेदनशीलता। बस्तर के बुजुर्ग आदिवासी ने दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठा काम किया है। दामोदर कश्यप ने ग्रामीणों के सहयोग से 400 एकड़ जमीन को विशाल जंगल में बदल दिया। बस्तर के करमरी गांव में रहने वाले दामोदर बताते हैं कि 400 एकड़ जमीन को जंगल में बदलना आसान नहीं था, दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत काम को अंजाम दिया।

## बस्तर के दामोदर ने खड़ा किया 400 एकड़ में जंगल, बचाने के लिए ठेंगा पाली का नियम

महेंद्र विश्वकर्मा : जगदलपुर

दामोदर वर्ष 1970 में 12 वीं की पढ़ाई के बाद गांव पहुंचे। उन्होंने देखा कि गांव के पीछे की हरी भरी जमीन पर एक भी पेड़ नहीं है, वन विभाग ने बहुत सारे पेड़ काट दिए थे, बाकि बचे पेड़ों को गांव वालों ने साफ कर दिया था। उन्होंने पेड़ों को बचाने और ग्रामीणों को जागरूक करने का फैसला किया। दामोदर ने बताया कि काम आसान नहीं था, शुरूआत में ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा, विरोध के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और वर्ष 1977 में सरपंच बनने के बाद मिशन से पीछे नहीं हटे। उन्होंने मौसम के अनुकूल पौधों को लगाने का काम शुरू किया, पौधे लगाने से ज्यादा बड़ी चुनौती संरक्षण की थी, इसलिए उन्होंने ग्रामीणों के लिए ठेंगा पाली का नियम बनाया।


### जंगल बचेंगे तो हम भी बचेंगे

दामोदर आज देश भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्थाओं से चर्चा करते हैं। चर्चा का केंद्र बिंदु पेड़ों को बचाने के उपायों पर होता है, प्रकृति के लिए समर्पण भाव को देखते हुए स्विट्जरलैंड और फिलीपींस में दामोदर को सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने तेजी से काटे जा रहे जंगलों की कटाई पर चिंता जताई है। जंगल के बिना जिंदगी की कल्पना नहीं की जा सकती, जंगल बचेंगे तो हम भी बचेंगे, इसलिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना जरूरी है।



### दामोदर की सोच सबको होना चाहिए

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि दामोदर की सोच जैसे सभी लोगों की सोच होनी चाहिए, जिससे जंगल बचेंगे। साथ ही ज्यादातर बादाम के पौधों का रोपण करें।




### बुजुर्ग ने जमीन को बदला जंगल में

ठेंगा मतलब (डंडा) और पाली मतलब (पारी) नियम के तहत गांव के तीन सदस्य रोजाना जंगलों की सुरक्षा करने लगे। डंडे को कपड़े से लपेट कर देव का रूप दिया गया, जंगल की सुरक्षा में नहीं जाने वाले ग्रामीणों पर अर्थदंड भी लगाया जाने लगा। जंगलों को नुकसान पर पंचायत अर्थदंड देती, दामोदर के लगातार प्रयास से ग्रामीणों का भी हौसला बढ़ने लगा। बुलंद हौसले की बदौलत गांव के आसपास 400 एकड़ में घना जंगल तैयार हो गया। उन्होंने बताया कि जंगल को देखने वन विभाग के अधिकारी भी आते हैं, विशेषकर आज तक उनके जंगलों में कभी आग नहीं लगी है।

## देखभाल के कारण अधिकतर पौधे अब पेड़ों में तब्दील हो गए

## प्रदेश में दुर्ग एक मात्र जिला जहां 550 एकड़ में मानव निर्मित जंगल, नगपुरा बना रोल मॉडल

प्रदेश के एक मात्र जंगलविहीन जिले में भी अब जंगल तैयार हो गया है। 1 जनवरी 2012 के बाद बालोद और बेमेतरा के अलग जिला बनने से दुर्ग में जंगल खत्म हो गए थे। इसके बाद पिछले 13 सालों में वन विभाग, उद्यानिकी, जिला पंचायत और पर्यावरण प्रेमियों के अथक प्रयासों से जिले में एक बार फिर जंगल जैसी सुंदरता लौटने लगी है। जिले में 550 एकड़ से ज्यादा में मानव निर्मित जंगल तैयार हो गया है। इसमें नगपुरा में वर्ष 2010 में लगाए गए 1 लाख पौधे आज हरे-भरे पेड़ बन चुके हैं। जहां सागोन और सीसम के पेड़ आच्छादित है। वर्तमान में यह क्षेत्र पूरे प्रदेश में रोल मॉडल बनकर उभरा है।




अतुल अग्रवाल/ दिलीप साहू ▶▶| भिलाई

नगपुरा और बोरई में 60 एकड़ से ज्यादा जगह पर वन विभाग की देखरेख में ये पौधे रोपे गए थे। इसी प्रकार ग्राम डुंडेरा और कोड़िया में पर्यावरण प्रेमियों के प्रयासों से 50 एकड़ का जंगल तैयार किया गया है। स्व. गेंदलाल देशमुख और डुंडेरा के युवाओं के प्रयासों से करीब साढ़े 8 लाख पौधों को बचाया गया है। हर साल यहां पेड़ों की संख्या बढ़ रही है। इसी प्रकार नंदिनी और मेड़ेसरा में भी 1-1 लाख पौधे लगाकर जंगल विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा टाउनशिप में पहले से 30 लाख से ज्यादा पेड़ 15 वर्गकिलोमीटर में फैला हुआ है, जिसे वर्ष 1956 से 1965 के बीच लगाया गया, जो आज आच्छादित हो रहे हैं। नगपुरा में साल, सागोन, सरई, टिसू, नीम, आवला, गंगा इमली, नीलगिरी, करंजा, कौहा, महुआ, अकेसिया, केसिया, समिया, छातिम, खमारा सहित अन्य 46 किस्म के पौधे रोपे गए थे, जो जंगल का रूप ले चुका है। दुर्ग के नगपुरा में एक लाख और धमधा के कोडिय़ा और देऊरझाल में 75 हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। वर्ष 2016-17 में निकुम-विनायकपुर इलाके में नदी के किनारे पौधे रोपे गए हैं। देखभाल के कारण अधिकतर पौधे अब पेड़ों में तब्दील हो गए हैं। विनायकपुर में आम के पेड़ अब फल भी देने लगे हैं।



### नंदिनी में 10 हजार से ज्यादा


नंदिनी माइंस में हुए पौधरोपण और खनन कार्य के कारण यहां 885 एकड़ में जंगल तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 3.83 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। बीएसपी के नंदिनी माइंस क्षेत्र में पूर्व में किए गए पौधरोपण एवं खनन कार्य के फलस्वरूप वनक्षेत्र विकसित हुआ है। तालाब का भी गहरीकरण कराया गया है। दावा किया जा रहा है, इसे देश के सबसे बड़े मानव निर्मित वन के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी की जा रही है। 1300 एकड़ में जंगल विकसित करने की तैयारी है, जहां आने वाले समय में लोमड़ी, खरगोश, अजगर सहित अन्य एनीमल्स यहां रखे जाएंगे। इतना ही नहीं 10 हजार से ज्यादा साल, सागौन, औषधियुक्त शतावर, अश्वगंधा, बड़, पीपल, बरगद, महुआ, हर्रा, बहेरा जैसे पौधे रोपे जाएंगे। पूरे क्षेत्र को आकर्षक जंगल का रूप दिया जाएगा। इसी प्रकार नेवई से लेकर जोरातराई तक करीब 2000 एकड़ में 18 करोड़ की लागत से 10 लाख पौधरोपण कराया गया था, जहां भी जंगल तैयार हो रहा है।



### 12 एकड़ जमीन में खेती करने के बजाए हरियाली बिखेर लगाए नीलगिरी, सागौन और पाम के पेड़

दिलीप साहू/निकुम

ग्राम निकुम में हरियाली बिखेरने के कारण धरमदास साहू ग्रीन मेन धरम दास के नाम से जाने जाते हैं। धरमदास ने 12एकड़ जमीन में धान की खेती नहीं की, बल्कि उस जमीन पर 40 हजार पौधे लगाए। उन्होंने जिसमें नीलगिरी, सागौन, पाम सहित 2 एकड़ में मालाबार नीम के पौधे लगाए। ये एक वर्ष में तकरीबन 7 फीट हो गए हैं। 48 वर्षीय धर्मदास बचपन से पेड़ पौधों से गहरा लगाव रखते हैं। भाटापारा और बालोद जिले के खुरसुल में नर्सरी बनाई है, जिसमें 40 हजार से ज्यादा पौधे तैयार किए हैं। उनके अलावा बालोद जिले के भाव सिंह देवांगन, यशवंत साहू सहित कई लोग अपनी जमीन पर पेड़ लगाकर अनूठी पहल कर रहे हैं।





## दुकान के बीचोबीच खड़ा है श्रद्धारूपी पीपल का पेड़, रोज सुबह-शाम होती है पूजा

## पीपल पेड़ से इतना मोह कि लाखों की जमीन छोड़ दी

एक पीपल पेड़ को बचाने के लिए व्यवसायी ने अपनी दुकान का नक्शा ही बदल दिया। अब दुकान के बीचोबीच यह पेड़ खड़ा है। दुकान के बीच में इस पेड़ के चलते खुली जगह है जिसके चलते बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था भी तगड़ी की गई है। पेड़ के नीचे सभी संप्रदाय के देवी-देवताओं की स्थापना की गई है। जहां पर सुबह शाम दुकान का स्टाफ और आने वाले ग्राहक पूजा करते हैं।







दीपनारायण शर्मा ▶▶| धमतरी

आज के जमाने में जहां पर हरियाली काटकर लोग कांक्रीट का जंगल खड़ा करने में तुले हैं, वहीं एक व्यवसायी भारत आहूजा ने गोल बाजार जैसे महंगे व्यावसायिक क्षेत्र में एक पेड़ को बचाने के लिए अपनी दुकान का नक्शा ही बदल दिया। पेड़ ने जितनी जगह घेर रखा है, उतनी जगह पर कोई भी निर्माण नहीं किया गया है। यह पेड़ ठीक दुकान के बीचोबीच है। रोजाना व्यवसायी और स्टाफ इस पीपल पेड़ की पूजा करते हैं। यही नहीं विधि विधान के साथ पीपल के पेड़ के नीचे बजरंग बली, भोलनाथ सहित अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई हैं जिसके चलते आने वाले हर दुकानदार इस पेड़ के नीचे श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं।

### मिला आशीर्वाद, हुई बरकत

अजय आहूजा ने बताया कि पहले उनकी दुकान गोल बाजार के अंदर थी। इस दुकान को उन्होंने सात साल पहले यहां पर शिफ्ट करना शुरू किया। पीपल के पेड़ में देवी देवताओं का वास होता है। इस कारण इस पेड़ को संरक्षित किया। इससे सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद उन्हें मिला है। दुकान पहले से ज्यादा सफलतापूर्वक चल रही है। देवताओं की कृपा से बरकत ही बरकत मिल रही है।

### जमीन मालिक ने नहीं लिया दाम

हरिओम वस्त्रालय के संचालक भारत आहूजा ने बताया कि वर्ष 2017 में उन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश लुंकड़ से यह जमीन खरीदी। इस जमीन पर दो दीवार के बीच यह हरा भरा पीपल पेड़ का उगा हुआ था। इस पेड़ की जड़ जमीन तक धंसी हुई थी। हिन्दू धर्म में बरगद और पीपल पेड़ के काटने की मनाही है। इस पर अमल करते हुए उन्होंने इस पेड़ को संरक्षित करने का निर्णय लिया। इस बात की जानकारी जब डॉ मुकेश लुंकड़ को हुई तो उन्होंने जितनी जमीन पर पेड़ उगा हुआ है, उस जमीन का दाम नहीं लिया और जमीन की रजिस्ट्री करवा दी।

## भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की 600 साल पुरानी पेड़ों की कहानी



## राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन पेड़ों की लोग कर रहे पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ का बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है, बस्तर को साल वनों का द्वीप भी कहा जाता है। घने जंगल, यहां के वाटरफॉल और नैसर्गिक गुफाएं पूरे देश और विदेशों में भी प्रसिद्ध है। बस्तर में ही भारत का सबसे प्राचीन सागौन का पेड़ है, बस्तर जिले के तिरिया माचकोट रेंज के जंगल में 600 वर्षों से भी अधिक समय से जीवंत खड़े राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुध्न नाम के सागौन के विशालकाय पेड़ों को देखना रोमांच का अनुभव कराता है। इस पेड़ों का आसपास के ग्रामीण पूजा करते हैं। इन पेड़ों की वास्तविक आयु की गणना के हिसाब से देखा जाए तो ये अयोध्या में श्रीराम लला के जन्मस्थल निर्माण के पहले से अस्तित्व में हैं। इन धरोहरों तक पहुंचने 12 किमी घना जंगल का सफर तय किया। इसमें आखिरी के एक किमी का रास्ता पूरी तरह से वनाच्छादित था। बड़े-बड़े कीट-पतंगों व मच्छरों के जहरीले दंश को झेलते वहां पहुंचा जा सका।

### बस्तर जिले के माचकोट जंगल में 600 वर्षों से विराजमान




### संभागीय मुख्यालय से 60 किमी दूर


बस्तर संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से 60 किलोमीटर दूर है, तिरिया वन ग्राम यहां से माचकोट रेंज का घना जंगल शुरू हो जाता है। यहां कच्चे रास्ते और पहाड़ी नाला पार करके 12 किलोमीटर जंगल के भीतर जाना होता है। इसके बाद वह जगह आती है जहां कंटीली तार से इन्हें संरक्षित किया गया है। यह पूरा क्षेत्र वीरान व मानव दखलंदाजी से कोसों दूर है।

### वन विभाग कर रहा


वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि चारों पेड़ों को संरक्षित किया जा रहा है। साथ पेड़ों के आसपास सौंदर्यीरण किया जा रहा है, क्योंकि लोग पेड़ों की पूजा करने आते हैं।

### त्रेतायुग के चारों भाई एक साथ खड़े

इसलिए पड़ा इन वृक्षों का नाम सबसे विशालकाय सागौन के पेड़ों को वन विभाग ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन का नाम दिया हुआ है। खास बात यह है कि सिर्फ 20 मीटर के दायरे में यह चारों पेड़ एक सीधी कतार में खड़े हुए हैं, इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो त्रेतायुग के यह चारों भाई एक साथ खड़े हों। इसमें सबसे ऊंचे सागौन के वृक्ष जिसकी ऊंचाई 389 मीटर एवं तने की गोलाई 352 सेमी मापी गई है।









# दीपिका को 2 साल डेट कर चुका ये एक्टर, घमंड में कर लिया था ब्रेकअप

**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण आज इडंस्ट्री की एक सक्सेसफुल एक्ट्रेस है। इंडस्ट्री में अपने काम के साथ-साथ वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में छाई रही हैं। अब एक एक्टर और सुपरमॉडल मुजाम्मिल इब्राहिम ने भी एक हैरान करने वाला खुलासा किया है कि दीपिका ने कभी उन्हें प्रपोज किया था। एक्टर ने बताया कि रणवीर से शादी होने से पहले तक वह दीपिका से बात किया करते थे। मुजम्मिल ने कहा, 'हम दो साल तक एक- दूसरे को डेट कर रहे थे। दीपिका उस वक्त भी बहुत कॉन्फिडेंट थीं, क्योंकि प्रकाश पादुकोण की बेटी हैं तो हर कोई उनसे परिचित था। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि दीपिका ने उन्हें प्रपोज किया था, लेकिन उन्होंने दीपिका से ब्रेकअप कर लिया था।

लाइफ Style



# हिना
## शादी के दूसरे ही दिन काम पर लौटीं

अभिनेत्री हिना खान ने बीते कल ही अपने लंबे वक्त से बॉयफ्रेंड रहे रॉकी जायसवाल से शादी की है। इसके दूसरे दिन ही वह अपने काम पर निकल गई हैं। ऐसे में उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह कभी रुकती नहीं हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिना खान शादी के एक दिन बाद ही कोरियाई एक्सपो में पहुंचे हैं। कोरियाई एक्सपो में जब हिना खान पहुंचीं तो उन्होंने स्टाइलिश ब्लैक जैकेट पहनी थी। उनके हाथों में मेहंदी लगी थी। यहां पहुंच कर हिना खान ने कहा 'मैंने कल शादी कर ली। मुझे आज एक अहम कार्यक्रम में शामिल होना था। मैं इस प्रोग्राम का हिस्सा बनना चाहती थी। आज मैं यहां हूं। मुझे यहां बुलाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।'

बताया जाता है कि यह प्रोग्राम हिना के लिए बहुत अहम था, क्योंकि उन्हें हाल ही में कोरिया पर्यटन का एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा करते हुए लिखा 'कोरिया पर्यटन का एंबेसडर नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं! कोरिया की सुंदरता, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित हूं। इस खूबसूरत देश की यात्रा के अनुभवों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।' कई सोशल मीडिया यूजर्स ने हिना खान की निजी और कारोबारी जिंदगी में तालमेल बनाने के लिए उनकी तारीफ की है। आपको बता दें कि हिना खान और रॉकी जायसवा ने 4 जून को शादी कर ली है। उन्होंने रजिस्टर मैरिज की।

हॉलीवुड मसाला



# अलग हो रहे हैं डकोटा-क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' अभिनेत्री डकोटा जॉनसन और कोल्डप्ले गायक क्रिस मार्टिन हाल ही में चर्चाओं में आ गए हैं। इस बार वजह है दोनों के ब्रेकअप की। सूत्रों के मुताबिक कहा जा रहा है कि दोनों के बीच आठ सालों का रिश्ता अब खत्म होने जा रहा है। इसकी कुछ वजहें भी सामने आई हैं। हॉलीवुड स्टार्स डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन को मई महीने और भारत में महाकुंभ के दौरान एक साथ देखा गया था। साल 2017 से एक साथ रहने के बाद अब ये अलग हो रहे हैं।




# सिमटने लगी कराटे किड लीजेंड की कमाई...

**मुंबई।** इन दिनों भारतीय सिनेमाघरों में हिंदी फिल्मों के साथ हॉलीवुड फिल्में भी दर्शकों के मनोरंजन के लिए मौजूद हैं। जैकी चेन की हॉलीवुड फिल्म 'कराटे किड लीजेंड' को भी इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 6 दिन पूरे हो चुके हैं। हॉलीवुड फिल्म 'कराटे किड लीजेंड' ने 1.6 करोड़ रुपए से अपना खाता भारतीय बॉक्स ऑफिस पर खोला था। यह शुरुआत कोई बहुत अच्छी नहीं थी। अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'कराटे किड लीजेंड'ने छठे दिन 34 लाख रुपए का कलेक्शन ही किया है। अब तक इस फिल्म का कुल कलेक्शन 8.15 करोड़ रुपए है। मंगलवार को इसने लगभग 58 लाख रुपए कमाए थे। बुधवार को इसके कलेक्शन में गिरावट आ गई है। 'कराटे किड लीजेंड' ने भी बीते शनिवार को 2.39 करोड़ रुपए कमाए। वहीं, रविवार को भी 2.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।



# शेयर किया मोनाको से हॉट डांस वीडियो

**मुंबई।** उर्वशी रौतेला हाल ही में कान्स 2025 में अपना जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं , उर्वशी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डांस करती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो नेटिजेंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक डांस और मस्ती भरा वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उर्वशी बेहद खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने ब्राउन रंग की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है। इसके साथ उन्होंने एक ब्लेक रंग का ट्रांजी श्रग कैरी किया हुआ है। इस लुक में उर्वशी हॉट लग रही हैं। इस वीडियो में उर्वशी पहले काफी डांस करती हैं और फिर अचानक से उन पर कोई पानी डाल देता है। उर्वशी ने आज इंस्टाग्राम पर मोनाको से अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मस्ती के मूड में नजर आ रही हैं।



# 15 साल की उम्र में हो गईं थीं अनाथ...

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने अनाथ बच्चों के लिए बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने साल 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर ऋषिकेश अनाथालय से 34 लड़कियों को गोद लिया था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा 'यह मेरे लिए एक अनमोल अनुभव था। मैं इन बच्चों की जिम्मेदारी लेना चाहती थी।' प्रीति ने यह फैसला इसलिए लिया, क्योंकि उनकी जिंदगी में एक हादसा हो गया था, जिससे वह बहुत प्रभावित हुई थीं। प्रीति के पिता दुर्गानंद भारतीय सेना में मेजर थे। साल 1988 में एक कार हादसे में उनका निधन हो गया था। उस वक्त प्रीति महज 13 साल की थीं। हादसे में प्रीति की मां नीलप्रभा भी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। हादसे के बाद वह दो साल तक बिस्तर पर ही रहीं। इसके बाद उनका भी निधन हो गया। 15 साल के बाद से प्रीति जिंटा ने अपनी जिंदगी बिना मां-बाप के गुजारी।

टीवी मसाला



# टीवी की टॉप 10 सुपरस्टार्स की रैंकिंग आई सामने...

**नई दिल्ली।** 'झनक' फेम हिबा नवाब ने धीरे-धीरे अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिल में जगह बनाई है। इस हफ्ते की लिस्ट में वो 10वें पायदान पर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ रही है। 'मन्नत' शो की लीड आएशा सिंह को इस हफ्ते 9वां स्थान मिला है। उनके रोल ने लोगों को इतना बांध रखा है कि लोग हर एपिसोड में कुछ नया देखने की उम्मीद रखते हैं।'शक्ति', 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शोज से चर्चाओं में रहीं रुबीना अब भी लोगों की ऑलटाइम फेवरेट बनी हुई हैं। वो इस हफ्ते टॉप 10 में 8वें नंबर पर बनी हुई हैं। 7वीं पोजिशन पर काबिज परम सिंह अपने रोल से फैंस को जोड़ कर रखते हैं।'गुम है किसी के प्यार में' की ही भाविका शर्मा ने 6वां स्थान हासिल किया है। कुमकुम भाग्य' में अपनी परफॉर्मेंस से चर्चा में रहे नमिक पॉल 5वीं पोजिशन पर हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अपने किरदार से घर-घर में पॉपुलर हुईं प्रणाली अब 'कुमकुम भाग्य' में भी छा गई हैं। वो लिस्ट में 4वें नंबर पर हैं। लीप के बाद भी 'अनुपमा' की टीआरपी और पॉपुलैरिटी कायम है और इसका सबसे बड़ा कारण हैं रुपाली गांगुली। इस बार वो 3वें स्थान पर हैं, लेकिन उनका चार्म अभी भी टॉप लेवल पर है।'ये रिश्ता' में अरमान पौद्दार बने रोहित पुरोहित लिस्ट में सीधे 2वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस हफ्ते की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस बनी हैं समृद्धि शुक्ला. 'ये रिश्ता' में उनकी परफॉर्मेंस ने लोगों को इतना इम्प्रेस किया कि वो पॉपुलैरिटी चार्ट की टॉपर बन गईं हैं।

## आलिया-दीपिका से कम नहीं माधवी की सानू

**नई दिल्ली।** टीवी का आइकॉनिक शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'ना सिर्फ अपने ह्यूमर, बल्कि किरदारों की वजह से भी लोगों के दिलों में खास



जगह बना चुका है। इस शो की 'माधवी भिड़े'यानी सोनालिका जोशी ने अपनी सादगी और अचार-पापड़ बिजनेस से लोगों को खूब हंसाया। लेकिन, अब चर्चा में हैं उनकी रियल लाइफ बेटी आर्या जोशी, जो अपनी खूबसूरती और स्टाइल से सोशल मीडिया पर खूब वाहवाही बटोर रही हैं। आर्या जोशी भले ही ग्लैमर वर्ल्ड से दूर रहती हैं, लेकिन उनकी फोटोंज और वीडियो जब-जब सामने आते हैं, सोशल मीडिया पर हलचल मचा देते हैं। यूजर्स उन्हें दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट से कंपेयर करने लगे हैं। आर्या का स्टाइल मॉडर्न और कॉन्फिडेंट है, जो उनकी मां के पारंपरिक लुक से बिल्कुल अलग दिखता है। आर्या इस वक्त पूरी तरह अपनी पढ़ाई में फोकस कर रही हैं। ग्लैमर वर्ल्ड से दूरी बनाकर रखी है।

# बॉलीवुड के रीमेक बनाकर साउथ वाले बन गए देवता

**मुंबई।** बीते कुछ साल में साउथ की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस से लेकर दर्शकों के दिलों तक डूब डंका पीटा है। जबकि बॉलीवुड एक बंपर हिट के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। हिंदी सिनेमा पर लगातार आरोप लग रहे हैं कि यहां नई और ऑरिजनल कहानियों पर काम नहीं हो रहा। रीमेक का दौर चल रहा है। भारतीय सिनेमा में आए इसी बदलाव पर जावदे अख्तर के बाद अब दिग्गज फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने बेबाक राय रखी है। उन्होंने रजनीकांत, चिरंजीवी, एनटी रामा राव से लेकर राजकुमार जैसे साउथ सुपरस्टार्स का नाम लेते हुए कहा इन सभी ने बॉलीवुड के रीमेक्स के दम पर ही शोहरत पाई थी। राम गोपाल वर्मा एक बातचीत में बॉलीवुड के रीमेक के चलन बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में, पूरा साउथ सिनेमा, यानी चारों भाषाएं, अमिताभ बच्चन की फिल्मों का रीमेक बना रही थीं। रजनीकांत, चिरंजीवी, एनटी रामा राव और राजकुमार, 70 और 80 के दशक की बच्चन की फिल्मों का रीमेक बना रहे थे।'

## साउथ वाले मसाला फिल्मों में बंधे रहे



उन्होंने आगे कहा, 'फिर जब 90 के दशक में अमिताभ बच्चन ने पांच साल का लंबा ब्रेक लिया। उसी समय, संयोग से म्यूजिक कंपनियों ने एंट्री की। उन्होंने सिर्फ अपना संगीत बेचने के लिए फिल्में बनाईं। तभी 'मैंने प्यार किया' जैसी फिल्में आईं। लेकिन, साउथ ने कभी भी तथाकथित मसाला और मास ऑडियंस वाली फिल्में बनाना बंद नहीं किया, जो उन्होंने अमिताभ बच्चन को देखकर शुरू किया था। इस तरह साउथ के सितारे उन रीमेक फिल्मों की बदौलत बड़े देवता बन गए और यह आज भी जारी है।'

***बॉलीवुड ने विदेशी सिनेमा की जानकारी ली :*** राम गोपाल वर्मा ने इस बीच यह भी कहा कि उस समय के बॉलीवुड डायरेक्टर्स ने विदेशी सिनेमा के बारे में ज्यादा जानकारी हासिल करना शुरू कर दिया था। इसका मुख्य कारण अंग्रेजी का ज्ञान और शहरी क्षेत्रों में उनकी परवरिश थी। सत्या और कंपनी जैसी फिल्में बना चुके राम गोपाल वर्मा ने कहा, 'अगर आप गौर करें तो पाएंगे कि साउथ के ज्यादातर कमर्शियल डायरेक्टर सिनेमा से बहुत कम जुड़े हैं।

# इंडिया का सबसे अमीर एक्टर, हर दिन बदलता था गाड़ी, गानों ने बना दिया था रातोंरात स्टार

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा का वो सितारा, जिसने अपने कॅरियर में शशि कपूर से लेकर राज कपूर तक सभी के साथ काम किया। अपने हर किरदार से उन्होंने इतिहास रच दिया। लेकिन, 1 गाने के बाद तो वह रातोंरात स्टार बन गए। न सिर्फ उनकी किस्मत चमकी, बल्कि वह इंडिया के सबसे अमीर एक्टर भी बन गए। लेकिन ,शोहरत और गलत आदतों ने एक्टर का बना बनाया कॅरियर बर्बाद कर दिया। आखिरी दिन इस एक्टर के चॉल में बीते थे। वो दिग्गज अभिनेता कोई और नहीं भगवान दादा थे। वह इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के महान एक्टर ही नहीं, बल्कि डायरेक्टर्स में से भी एक थे। फिल्मों में बॉडी डबल का जब भी जिक्र होता तो इसका क्रेडिट भगवान दादा को ही दिया जाता है। वो भगवान दादा ही थे, जिन्होंने सेट पर शूटिंग के लिए असली नोटों की बारिश करवा दी थी। साथ ही ये वही एक्टर हैं जिनके एक थप्पड़ ने ललिता पवार का चेहरा भी बिगाड़ दिया था। जिसके बाद उन्हें पूरी उम्र विलेन का रोल करना पड़ा था। राज कपूर उन्हें इंडियन सिनेमा का माइकल डगलस कहा करते थे।



## शूटिंग सेट पर करवाई थी पैसों की बरसात

भगवान दादा अपनी फिल्मों में सीन रीयल रखने के लिए भी खासतौर पर जाने जाते थे। बतौर डायरेक्टर जब उन्होंने काम किया तो वह छोटी छोटी चीज का ध्यान रखते थे। आज के दौर में जिस तरह संजय लीला भंसाली हैं। वह अपने सीन को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। ऐसे में एक फिल्म के सीन में उन्हें नोटों की बारिश दिखानी थी। ऐसे में उन्होंने सीन को रियल दिखाने के लिए असली नोटों की बारिश करवाई थी।

## 2 बंगले और सात कारों के थे मालिक

सास 1951 में आई फिल्म अलबेला ने भगवान दादा को रातों-रात स्टार बना दिया था। गीताबाली के साथ उनकी जोड़ी और फिल्म के गाने जैसे शोला जो भड़के और भोली सूरत दिल के खोटे सुपरहिट हो गए। फिल्म की कामयाबी ने उन्हें इडंस्ट्री का सबसे अमीर एक्टर बना दिया था। लेकिन, एक खबर के मुताबिक बाद में उन्होंने खुद कहा था, मैं लाखपति बन गया था। मैंने एक स्टूडियो खरीदा, हर दिन के लिए एक विदेशी गाड़ी खरीदी, जिन्हें मैं सात दिन के लिए हर दिन 1 गाड़ी लेकर जाता था। मेरे पास जुहू में 25 कमरों का बंगला था। लेकिन, फिर सब कुछ लुट गया। मैं शराबी-कबाबी बन गया था। रेसकोर्स, जुआ, शराब और औरतें मेरी कमजोरी बन गईं। मैंने अपने परिवार को नजरअंदाज किया। शायद ये भगवान की सजा थी। उन्होंने माना कि उन्होंने खुद ही अपना सब कुछ बर्बाद कर दिया।

## पहली ही फिल्म से रातों-रात बड़ा नाम मिला, लेकिन प्यार के मामले में निकली अभागन

# 25 साल में विधवा हुई एक्ट्रेस, 37 की उम्र में फिर उजड़ा सिंदूर

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में जब एक्ट्रेसेस के लव अफेयर्स की बात आती है तो रेखा, सुष्मिता सेन, अमीषा पटेल जैसे सितारों का नाम आता है, जिनके प्यार के किस्सों ने हमेशा सुर्खियां में रही। लेकिन, इन नामी हसीनाओं के साथ एक वो एक्ट्रेस भी रहीं, जिनके जिंदगी में दर्द और गम के अफसाने भरे हुए थे। पर्दे पर सुनील दत्त के निर्देशन में बनी फिल्म के साथ इस हसीना ने एक्टिंग कॅरियर में कदम रखा। पहली ही फिल्म से रातों-रात बड़ा नाम मिला, लेकिन प्यार के मामले में अभागन निकली। प्रोफेशनल लाइफ जितनी सफल रही, उनकी निजी जिंदगी उतनी ही उथल-पुथल भरी थी। सुनील दत्त की फिल्म की इस नामी हीरोइन ने जब पर्दे पर कदम रखा तो वो सिर्फ 18 साल की थी। एक्टिंग ऐसी कि देखने वाला बस आंखों में खो जाए। डायलॉग बोले, तो आवाज सुन देखने को विवश हो जाए. ये एक्ट्रेस और कोई नहीं लीना चंदावरकर हैं।*



## कॅरियर छोड़ शादी का किया था फैसला

'मन की मीत' से उन्होंने बॉलीवुड में दस्तक दी और रातोंरात सभी मेकर्स की फेवरेट बन गईं। बाली उम्र थी, नाम और शोहर सब हासिल हो रहा था। उसी दौरान एक्ट्रेस सिद्धार्थ बंडोडकर से दिल लगा बैठीं। फिर कॅरियर को छोड़कर शादी की फैसला किया और तब गोवा के मशहूर राजनीतिक परिवार के वारिस सिद्धार्थ बंडोडकर से शादी कर ली। 25 साल की लीना के जीवन एक जीवन एक नया मोड़ ले रहा था कि सिद्धार्थ की एक हादसे में मौत हो गई और शादी के कुछ ही महीने बाद भी वह विधवा हो गईं। इसके बाद ससुराल और मायके दोनों जगह से लीना को प्यार नहीं मिला और वह अकेली रह गईं।



## पहले पति की मौत के बाद बॉलीवुड में की वापसी

सिद्धार्थ बंडोडकर की मौत के बाद लीना टूट गई थीं। घरवालों ने ताने दे-देकर अपना असली चेहरा दिख दिया। लीना पति की मौत के बाद फिर काम करने का फैसला किया और बॉलीवुड में वापसी कर ली। तभी उनकी जिंदगी में किशोर कुमार आ गए। ये मेल बहुत अजीब था। पहला कारण था उम्र का फासला और दूसरे गमगीन होने के बाद भी किशोर कुमार का बिंदास होना। लेकिन, दोनों के रिश्ते में एक खासियत ने उन्हें एक- दूसरे के करीब ला दिया, वो था दोनों के टूटे दिल।

## जब फोन कर किशोर कुमार से कहा- प्रपोजल आज भी तैयार है

किशोर कुमार और लीना की पहली मुलाकात फिल्म के सेट पर हुई थी। पहली मुलाकात के बाद उन्हें सिंगर ने प्रोपोज कर दिया था। पहले पति को खोने के बाद जब एक बार उनके फौजी पिता ने उन्हें अपशब्द कहें तो नाराज होकर वह चली गईं। मुंबई की सड़कों पर उन्हें किशोर कुमार का प्रपोजल याद आया। उन्होंने फोन किया और पूछा, अगर उनका प्रपोजल आज भी तैयार है तो वह उनकी तरफ से हां है। ये सुनकर किशोर कुमार ने भी फौरन हां कर दी। लीना के परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी ने किशोर कुमार से शादी करने वाली हैं, तो उन्होंने जबरदस्त बवाल खड़ा कर दिया। लेकिन, परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने किशोर कुमार से शादी कर ली।

## *फिर दोबारा कभी प्यार की तरफ नहीं देखा*

*दोनों खुशी-खुशी जिंदगी बिता थे। दोनों का एक बेटा भी हुआ। लेकिन, शादी के ठीक 7 साल बाद, ईश्वर ने लीना के चेहरे की मुस्कान को फिर छीन लिया। किशोर कुमार के जाने के बाद लीना एक बार फिर अकेले हो गईं और 37 साल की उम्र से ही ये एक्ट्रेस अपने बेटे के साथ अकेले जिंदगी गुजार रही हैं। लीना चंदावरकर ने किशोर कुमार की मौत के बाद फिर दोबारा कभी प्यार की तरफ नहीं देखा।*